रांची, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 12 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 97 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ खरीद की अव्यवस्था और किसानों की परीक्षा

काजोल ने मनाया कभी खुशी कभी गम के 24 साल का जश्न ◂◂ 6

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, दो की मौत

## छह झुलसे, दो गंभीर



संवाददाता

**धनबाद:** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र के विकास नगर में चिंतामणि निवास में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद सरायढेला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान 70 वर्षीय चिंता देवी और 18 वर्षीय गोलू के रूप में हुई है।

हीटर चालू करने के एक घंटे बाद लगी आगः बताया जाता है कि प्रशांत कुमार उर्फ गोलू 15 दिन पहले पटना से अपनी नानी चिंतामणि देवी के घर आया था। घटना के समय घर में कुल 15 लोग मौजूद थे। पहले तल्ले पर 8 लोग, दूसरे तल्ले पर 3 लोग और तीसरे तल्ले पर 4 लोग सो रहे थे। वहीं, चिंतामणि देवी के बड़े बेटे कुंदन प्रसाद और बहू ज्योति बच्चों के साथ ग्राउंड फ्लोर पर सोई हुई थी। जिसमें चिंतामणि देवी और उसका नाती गोलू भी सोया हुआ था। चिंतामणि देवी रात करीब 12 बजे हीटर चालू करके अपने कमरे में सो रही थीं।

इस दौरान करीब 1 बजे लोगों को आग लगने का पता चला। परिजन और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग भयावह होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। हादसे में कुंदन का भांजा गोलू प्रसाद और उसकी नानी चिंता देवी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं, ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे छह लोग भी आग की चपेट में आ गए, जिनमें से कुंदन प्रसाद और बहू ज्योति की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

इधर, सूचना पाकर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के प्रभारी दीपक उरांव ने बताया कि घर संकरी गली में होने के कारण दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घर के मेन गेट पर भी ताला लगा था, नहीं तो सभी की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि घर में रूम हीटर लगा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से ही लगा है।

## मरीन ड्राइव गोलचक्कर पर बड़ा हादसा,अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया ट्रेलर, एक की मौत

**जमशेदपुरः** जिले में मंगलवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। वहीं इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई। हादसे का मंजर देखने वालों की रुह कांप गई।

मिली जानकारी के अनुसार, बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव गोलचक्कर के पास की है। मृतक की पहचान सुमन कुमार के रूप में की गई है। एक ट्रेलर लोहे की प्लेट लादकर डाल्टनगंज जा रहा था। इस दौरान ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए। ट्रेलर चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इधर सूचना मिलते ही बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक के शव को ट्रेलर के केबिन से बाहर निकाला गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

## आग तापते समय कपड़े में आग लगने से दो महिलाओं की मौत,मची चीख-पुकार

**दुमकाः** झारखंड में कड़ाके की ठंड के बीच बड़ा हादसा होने की खबर सामने आई है। दरअसल, यहां दुमका जिले में आग तापते समय 2 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत फिटकोरिया गांव की है। मृतकों की पहचान 65 वर्षीय मेघिया देवी और 55 वर्षीय बृहस्पतिया देवी के रूप में हुई है। दोनों महिलाएं रविवार रात ठंड से बचने के लिए अलाव सेक रही थी। अचानक दोनों महिलाओं के ऊनी कपड़ों ने आग पकड़ ली और वे गंभीर रूप से झुलस गईं। आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

इधर घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। वहीं घटना के बाद पूरे परिवार में मातम छा गया।

## केतारी बागान रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**रांची :** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। केतारी बागान रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, व्यक्ति रेलवे फाटक पार कर रहा था, तभी वो ट्रेन से टकरा गया। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही चुटिया थाना पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस आसपास के लोगों की मदद से मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।





## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को बड़ी राहत, कोर्ट ने ईडी चार्जशीट पर संज्ञान लेने से किया इनकार

**नई दिल्लीः** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्य कोर्ट ने ईडी द्वारा दाखिला चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि मनी लॉन्ड्रिंग की जांच उससे जुड़ी अभियोनज प्रक्रिया तब तक वैध नहीं मानी जा सकती, जब तक कि अपराध में विधिवत एफआईआर दर्ज न हो। कोर्ट ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी को जांच शुरू करने से पहले संबंधित अपराध में एफआईआर का होना अनिवार्य है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच होनी थी, वह अब तक दर्ज ही नहीं की गई है। कोर्ट के अनुसार सीबीआई ने अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज करने से परहेज किया है, जबकि एऊने बिना एफआईआर के ही एफआईआर दर्ज कर जांच आगे बढ़ा दी। कोर्ट ने इसे कानून के अनुरूप नहीं माना। कोर्ट ने साफ किया कि उसका यह आदेश आरोपों के गुण-दोष यानी मेरिट्स पर आधारित नहीं है। कोर्ट ने कहा कि वह इस चरण पर आरोपों की सच्चाई या झूठ पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है, बल्कि केवल कानूनी प्रक्रिया की वैधता पर फैसला दे रही है। कोर्ट के इस फैसले को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के लिए अहम कानूनी जीत के तौर पर देखा जा रहा है।

### 'भारत-जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार', पीएम बोले-

## पुराने संबंधों को जीवित करना होगा

**एजेंसी/अम्मान :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जॉर्डन दौरे के आखिरी दिन अम्मान में आयोजित इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत और जॉर्डन के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायिक नेताओं से बातचीत की और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के नए अवसर तलाशने पर जोर दिया और दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग को लेकर अहम बातें भी कहीं।

फोरम में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हए पीएम मोदी ने कहा कि भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के रिश्ते सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें लंबे समय के मजबूत साझे में बदला जाना चाहिए।

हमारा लक्ष्य भरोसे की साझेदारी पर आधारितः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार की दुनिया में आंकड़ों की अपनी अहमियत होती है, लेकिन भारत और जॉर्डन का लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि भरोसे और साझेदारी पर आधारित भविष्य बनाना है। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब गुजरात से यूरोप तक व्यापार पेट्रा के रास्ते होता था। अब समय आ गया है कि उन पुराने व्यापारिक रास्तों और रिश्तों को फिर से जीवित किया जाए, ताकि आने वाले समय में दोनों देशों को समृद्धि मिल सके।



भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदलने पर चर्चा : पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे बताया कि जॉर्डन के राजा से हुई अपनी मुलाकात में उन्होंने इस बात पर विस्तार से चर्चा की कि कैसे भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदला जाए और उन अवसरों से आर्थिक विकास किया जाए। उन्होंने जॉर्डन के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि जॉर्डन आज एक ऐसा सेतु (ब्रिज) बनकर उभरा है, जो अलग-अलग क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद कर रहा है।

भारत की आर्थिक स्थिति पर भी बोले पीएमः जॉर्डन बिजनेस फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की आर्थिक स्थिति पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर आठ प्रतिशत से ज्यादा है, जो बेहतर उत्पादकता, मजबूत शासन व्यवस्था और नवाचार पर आधारित नीतियों का नतीजा है। इसके कारण भारत में निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, जिसका फायदा जॉर्डन के निवेशक और कारोबारी भी उठा सकते हैं।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया को एक नए ग्रोथ इंजन और भरोसेमंद सप्लाई चेन की जरूरत है। ऐसे समय में भारत और जॉर्डन मिलकर इस वैश्विक जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा जताया कि भारत- जॉर्डन की साझेदारी आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी और इससे दोनों देशों के लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग



**नई दिल्लीः** भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कड़े शब्दों में घेरा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान ने अमन-शांति की बात करते हुए जम्मू-कश्मीर पर दावा जताने की कोशिश की, लेकिन भारत ने उसे दो टूक जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश परवथानेनी ने स्पष्ट कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं। वे पहले भी भारत का हिस्सा थे और हमेशा रहेंगे। भारत ने न केवल सिंधु जल संधि को स्थगित करने के अपने फैसले के पीछे के कारण स्पष्ट किए, बल्कि पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक केंद्र भी बताया।

हरीश परवथानेनी ने कहा कि भारत ने बीते 65 वर्षों तक मित्रता और सद्भावना के तहत सिंधु जल संधि का पालन किया, लेकिन इस दौरान पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध थोपे और हजारों आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिससे संधि की भावना का खुला उल्लंघन हुआ।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के चलते हजारों भारतीय नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं। इसी वर्ष अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक विदेशी नागरिक समेत 26 लोगों की मौत हुई थी। भारत ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जब तक पाकिस्तान की धरती पर पनप रहा आतंकवाद पूरी तरह समाप्त नहीं होता, तब तक यह संधि स्थगित रहेगी।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को उसके आंतरिक हालात का आईना दिखाते हुए कहा कि वहां लोकतंत्र कमजोर किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाया गया और 27वें संविधान संशोधन के जरिए सेना प्रमुख आसिम मुनीर को आजीवन प्रतिरक्षा प्रदान की गई, जो एक प्रकार का संवैधानिक तख्तापलट है।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बारुदी सुरंग में विस्फोट, एक जवान शहीद



**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारुदी सुरंग विस्फोट में सेना एक जवान शहीद हो गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार को ट्रेहगाम सेक्टर के पुताहा खान गली में हुई, जहां 13 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के हवलदार जुबैर अहमद बारुदी सुरंग विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। सेना ने इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा

## दृश्यता कम होने से आपस में टकराईं सात बसें और तीन कारें, 13 की मौत, 100 से ज्यादा घायल



**मथुराः** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा पेश आया है। घने कोहरे के चलते यहां 8 बसें और तीन कारें टकरा गईं। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। टक्कर के बाद सभी वाहनों में आग लग गई थी, जिसके चलते कई लोग फंस गए थे। वहीं, कई लोग कूदकर जान बचाने में सफल रहे। इस हादसे में 70 के करीब लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े चार बजे के करीब पेश आया।

इस भीषण हादसे को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया है। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हदासे में जान गंवाना बहुत दुखद और दिल दहला देने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं दुखी परिवारों के साथ हैं। मैंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का सही इलाज पक्का करने का निर्देश दिया है। मैं भगवान राम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति दें और घायल जल्दी ठीक हों। हादसे में मरने वालों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा भी की गई है।

## ट्रक और बस में टक्कर, चार की मौत, 21 गंभीर घायल

**बस्तीः** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के कोतवाली क्षेत्र में ट्रक और बस की आमने-सामने हुई भिड़त में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुये मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपए का आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने मंगलवार को बताया कि संतकबीर नगर जिले के दुधारा क्षेत्र से अजमेर शरीफ के लिए बीती रात लगभग 50 लोग बस से निकले थे। अभी बस बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बस्ती-बांसी मार्ग पर बरगदवा के समीप ही पहुंची थी कि सामने से एक ट्रक से भिड़त हो गयी।



न्यूज IN ब्रीफ

## सांसद कालीचरण सिंह ने किया धान अधिग्रहण केंद्र का उद्घाटन



**चतरा :** लावालौंग प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को धान अधिग्रहण केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर उनके साथ बीडीओ विपिन कुमार भारती, भाजपा नेता भोला साव,प्रखंड प्रमुख मनीषा देवी,गोविंद ठाकुर, अमित चौबे,मुखिया नेमन भारती, जितेंद्र ठाकुर,विवेक केसरी,श्रवण रजक,विनोद प्रसाद आर्य समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।मौके पर पैक्स अध्यक्ष कलावती देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र के माध्यम से किसानों से धान की खरीद 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर उपलब्ध कराया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान मुखिया नेमन भारती ने सांसद कालीचरण सिंह का ध्यान लावालौंग प्रखंड में उत्पन्न एक गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया।उन्होंने बताया कि पूर्व अंचलाधिकारी के द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना को बंद कर दिया गया है जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। इस पर सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।वहीं ग्रामीणों ने पुनः लावालौंग पांकी मुख्य सड़क निर्माण का मुद्दा भी सांसद के समक्ष रखा।इस पर सांसद कालीचरण सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस सड़क के निर्माण कार्य को जल्द ही स्वीकृति दिलाकर कार्य शुरू कराया जाएगा।

## रनियां प्रखंड में पोषण समर अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

खूंटीः रनियां प्रखंड में पोषण अभियान के तहत समर अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पोषण विभाग के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक पदाधिकारी रोहन ओहदार ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे समर अभियान के उद्देश्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में कुपोषित बच्चों की पहचान करने, उन्हें चिह्नित करने और आवश्यक दवा व देखभाल के माध्यम से उन्हें ठीक करने के तरीकों पर चर्चा की गई। कुपोषण से ग्रस्त बच्चों की देखभाल के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए गए। इस अवसर पर समर अभियान के डिजिटल पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। पोषण ट्रैकर में चिह्नित कुपोषित बच्चों के प्रबंधन, 'समर' एप्लिकेशन के जरिए बच्चों की निरंतर निगरानी, एप में सूचीकरण प्रक्रिया तथा साप्ताहिक एवं मासिक फॉलो-अप के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, नामांकित बच्चों को पोषाहार वितरण और टीकाकरण (टीएचआर.) संबंधी गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका अमीता कुजूर के अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाएं उपस्थित थीं।

## मुरहू प्रखंड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**मुरहूः** प्रखंड परिसर स्थित मुरहू लैम्प्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने किसानों के हित में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़िया, उप प्रमुख अरुण कुमार साबू, मुखिया ज्योति दोदरई, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी शंकर विद्यार्थी, कोडकेल पंचायत की मुखिया सहित लैम्प्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख एवं उप प्रमुख द्वारा फीता काटकर धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान किसानों द्वारा लाए गए धान की गुणवत्ता की भी जांच की गई। उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने लैम्प्स अध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहाः किसानों द्वारा लाए गए धान का सरकारी नियमों के अनुरूप वजन किया जाए। किसानों को पावती रसीद अनिवार्य रूप से दी जाए। किसानों को भुगतान की संभावित तिथि की जानकारी दी जाए। बैंक खाते का केवाईसी पूर्ण होने की पुष्टि के बाद ही भुगतान किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंहा ने चेतावनी देते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सायको थाना में मध्याह्न भोजन के चावल की चोरी का मामला सुलझा,

ओतोंगओड़ा गांवः सायको थाना क्षेत्र के ओतोंगओड़ा गांव स्थित दो सरकारी स्कूलों से मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) के लिए आवंटित कुल 336 किलोग्राम चावल की चोरी का मामला सुलझ गया है। अज्ञात बदमाशों ने स्कूल के रसोईघर का ताला तोड़कर यह चोरी अंजाम दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस की जांच में सफलता मिली और चोरी में संलिप्त कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने अभियुक्तों से घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर चोरी किए गए 300 किलोग्राम चावल की भी विधिवत बरामदगी कर ली गई है। शेष चावल के बारे में पूछताछ जारी है। इस मामले में सभी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्कूल प्रशासन और स्थानीय नागरिकों से सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया है।

## डीसी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**चतरा :** उपायुक्त ने चतरा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा भंडारण, मरीजों को दी जा रही सेवाओं एवं अभिलेखों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उपायुक्त ने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में नियमित उपस्थिति, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों से भी संवाद किया तथा उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

# धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ, 17 लैम्प्स केंद्रों पर किसानों से होगी खरीद

संवाददाता

**खूंटी :** खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के तहत जिले में आज से धान अधिप्राप्ति कार्य शुरू हो गया है। उपायुक्त आर. रॉनिटा के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों की चयनित पंचायतों में स्थापित 17 लैम्प्स केंद्रों पर किसानों से धान की खरीद प्रारंभ की गई है। राज्य सरकार की विशेष पहल के तहत इस साल किसानों से 2,450 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जा रहा है। सरकार ने 48 घंटे के भीतर या विशेष परिस्थितियों में एक सप्ताह के अंदर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने का प्रावधान किया है।



धान अधिप्राप्ति के शुभारंभ के अवसर पर विभिन्न लैम्प्स केंद्रों का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान अपना धान लेकर खरीद केंद्रों पर पहुंचे। इससे पहले, उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक में 17 लैम्प्स केंद्र स्थापित करने और 4 राइस मिलों को टैग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इसका उद्देश्य किसानों से धान खरीद की प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी लैम्प्स केंद्र निर्धारित समय पर संचालित हों, अधिक से अधिक किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार धान खरीद कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जाए। किसान ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर या ऑफलाइन आवेदन पत्र भरकर संबंधित आपूर्ति कार्यालय में जमा कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## बुजुर्ग महिला की नाले में गिरने से मौत

**मुरहूः** प्रखंड के सुरुंडा गांव में एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान गांगी मुंडाइन के रूप में हुई है। सूचनाओं के अनुसार, रविवार शाम करीब पांच बजे वह बगल के गांव से धान काटकर अपने घर लौट रही थीं। संभवतः इसी दौरान गांव के बाहर स्थित सुरुंडा नाले को पार करते समय उनका पैर फिसल गया और वे नाले में गिर गईं। रात भर ठंड में पड़े रहने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने महिला को नाले के पास पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर प्रातः अंत्यपरीक्षण के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया।

# ग्रामीणों के विरोध से महिला कॉलेज का शिलान्यास स्थगित



संवाददाता

**खूंटी :** महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रस्तावित महिला कॉलेज का शिलान्यास सोमवार को ग्रामीणों के विरोध के कारण स्थगित करना पड़ा। मामला शहर के एसडीए मिशन स्कूल के पीछे स्थित खूंटीटोली क्षेत्र का है, जहां राज्य सरकार ने करीब 54 करोड़ रुपये की लागत से महिला कॉलेज निर्माण की स्वीकृति दी है।

जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 में कॉलेज के लिए लगभग पांच एकड़ भूमि चिन्हित की गई थी और शिलान्यास को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। स्थानीय विधायक रामसूर्या मुंडा को सोमवार को शिलान्यास करना था। हालांकि, कार्यक्रम से पहले ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और जमीन को अपनी रैयती भूमि बताते हुए विरोध शुरू कर दिया।

ग्रामीण अपने-अपने भूमि से संबंधित कागजात लेकर विधायक के समक्ष पहुंचे और दावा किया कि वर्ष 1972 से इस जमीन पर उनका कब्जा है तथा वे नियमित रूप से सरकार को लगान भी अदा कर रहे हैं। विरोध करने वालों में महेश्वर राम गैंझु, राजकुमार राम गैंझु, रंजन राम गैंझु, अनूप कुमार राम, अनुज कुमार राम, परमानंद कुमार, संदीप कुमार, सुदीप कुमार, सुजीत कुमार, प्रभु राम, गणेश कुमार गैंझु, शशिकांत सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

शिलान्यास कार्यक्रम तत्काल स्थगित कर दियाः ग्रामीणों का कहना था कि यह भूमि गैर मजरुआ खास नहीं, बल्कि रैयती भूमि है और बिना रैयतों की सहमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए विधायक रामसूर्या मुंडा ने शिलान्यास कार्यक्रम तत्काल स्थगित कर दिया।

विधायक ने ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत कागजातों की अंचल कार्यालय में जांच कराने का आश्वासन दिया और अंचलाधिकारी को भूमि से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल दो दिनों के लिए शिलान्यास कार्यक्रम स्थगित रहेगा। जांच में यदि ग्रामीणों का दावा सही पाया गया तो इस स्थल पर महिला कॉलेज का निर्माण नहीं होगा, लेकिन यदि जमीन सरकारी पाई गई तो कॉलेज का निर्माण हर हाल में किया जाएगा।

# अफीम की खोज में निकले एसडीपीओ



संवाददाता

**बुंडू :** एसडीपीओ ओमप्रकाश ने जब रांची, सरायकेला खरसावां और खूंटी जिलों की सीमा पर स्थित पियाकुली जंगल के आसपास अफीम की फसल की तलाश के लिए छापेमारी अभियान चलाया, तो उन्हें एक अलग ही वास्तविकता का सामना करना पड़ा। विजयगिरी डैम के पास पहाड़ी सड़क पर उन्होंने देखा कि सैकड़ों स्कूली बच्चे साइकिल पर या पैदल ही ऊबड़-खाबड़ रास्तों से स्कूल जा रहे थे। कुछ बच्चियां थककर सड़क किनारे बने गार्डवाल पर आराम कर रही थीं। बच्चों से बातचीत करने पर पता चला कि आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के 400-500 बच्चे प्रतिदिन इस पहाड़ी रास्ते को पार कर विजयगिरी स्थित संत इग्नाटियस उच्च विद्यालय और रोमन कैथोलिक मध्य विद्यालय में पढ़ने आते हैं। एसडीपीओ ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, यह पूरा क्षेत्र पहले नक्सली गतिविधियों के लिए बदनाम था। अब जिम्मेदारी आप सभी बच्चों पर है। पढ़ाई-लिखाई कर कुछ बनें, अपने सपने पूरे करें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों को अपना और तमाड़ थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर दिया, ताकि वे किसी भी विकट परिस्थिति में सीधे संपर्क कर सकें। साथ ही, एसडीपीओ ने सरकार से इस जंगली इलाके में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है। इस घटना ने दूरदराज के आदिवासी इलाकों में शिक्षा तक पहुंच के लिए बच्चों के दैनिक संघर्ष को उजागर किया है, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव अभी भी शिक्षा के मार्ग में बाधा है।

# जिले में धान क्रय केंद्रों पर अधिप्राप्ति शुरू

संवाददाता

**चतरा :** झारखंड राज्य धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत जिले के किसानों को उनकी धान उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज से धान क्रय केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति का कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। धान की खरीद सरकारी निर्धारित दर 24.50 प्रति किलोग्राम पर की जा रही है। इस मौके पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने दारियातु स्थित धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी धान क्रय केंद्रों पर पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था के तहत धान की खरीद सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में आज से से धान अधिप्राप्ति प्रारंभ कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे



बिचौलियों से बचते हुए सरकारी धान क्रय केंद्रों पर ही अपनी उपज की बिक्री करें। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह, मुखिया अनिता यादव, नकुल यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। इधर, चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने सदर प्रखंड के हफुआ स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें उनकी धान उपज का उचित एवं सुनिश्चित मूल्य प्राप्त होगा। सांसद ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी उपज की बिक्री सरकारी धान क्रय केंद्रों के माध्यम से करें, ताकि उनकी आय सुरक्षित रहे और उन्हें उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्र के कई किसान मौजूद थे।

## बीआरपी- सीआरपी महासंघ ने किया चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

संवाददाता

**खूंटी :** जिला बीआरपी एवं सीआरपी महासंघ की जिला कमिटी ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, खूंटी को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की जानकारी दी गई। आज आयोजित सामूहिक बैठक में महासंघ ने सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि महासंघ की केंद्रीय कमिटी के आह्वान पर 15 दिसंबर 2025 से 20 दिसंबर 2025 तक सभी बीआरपी और सीआरपी काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 22 दिसंबर 2025 को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सभा सह धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उक्त बैठक की जानकारी देते हुए महासंघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया की प्रमुख मांगों में ईपीएफ नियमावली के तहत मृत्यु लाभ, अनुकंपा पर नियुक्ति, स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति पर अनुग्रह राशि, अर्जित अवकाश एवं ग्रेच्युटी की सुविधा तथा मानदेय में 20 प्रतिशत वृद्धि शामिल है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि जब तक मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आंदोलन में महासंघ के सभी सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

## पुलिस ने गुम हुए छह माह के बच्चे को किया बरामद, आरोपी महिला हिरासत में

संवाददाता

**चतरा :** विगत 9 दिसंबर की रात लावालौंग थाना क्षेत्र के कदहे गांव से गुम हुए छह माह के मासूम बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है।यह मामला पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण बना हुआ था। लेकिन लगातार प्रयास और छानबीन के बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बच्चे के पिता निलेश कुमार गंझू ने थाना में मामला दर्ज कराया था कि 9 दिसंबर की रात मां के साथ सो रहे जुड़वा बच्चों में से एक छह माह का बच्चा सुदर्शन कुमार अचानक गायब हो गया था।मामला दर्ज होने के बाद से ही लावालौंग थाना पुलिस सक्रिय हुई और जिले के वरिय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर बच्चे की तलाश शुरू की गई।आसपास के इलाकों में छापेमारी,संदिग्धों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्चे को उसके ही अपनी चाची के मायके कुंदा थाना क्षेत्र के मेघाबर गांव से बरामद कर लिया।बच्चे के बरामद होते ही परिजनों ने राहत की सांस ली।इस मामले में आरोपी महिला सुगिया देवी से पुछे जाने पर उसने स्वीकार किया कि उसकी कोई संतान नहीं थी।उसने पहले सरोज से जुड़वा बच्चों में से एक को देने की बात कही थी। लेकिन इनकार होने पर उसने बच्चे को उठाकर ले जाने की योजना बनाई। आरोपी के अनुसार विगत 9 दिसंबर को वह अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से रात के समय आई और मां के साथ सो रहे छह माह के सुदर्शन को उठा ले गई।पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।जांच पूरी होने के बाद ही मामले से संबंधित कोई निर्णय लिया जा सकता है।

# कच्चे मकान की स्थिति जर्जर, प्लास्टिक डाल कर एक ही कमरे में रहते हैं घर के 13 सदस्य

संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड के बारियातु गांव के सहोदरी देवी, पति जगदीश भुइयां के जिओ टैग होने के बाद भी नहीं मिला अबुआ आवास का लाभ। पीड़ित परिवार मिट्टी के एक ही कच्चे रूम में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 परिवार रहते हैं।अबुआ आवास के सूची में नाम रहने के बावजूद भी आज तक आवास का लाभ नहीं मिला है। टूटे-फूटे कच्चे मकान में प्लास्टिक डालकर रहने पर मजबूर हैं।पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया के बारियातु पंचायत के पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया के द्वारा अबुआ आवास के नाम पर घर का जियो टैग भी किया गया।परंतु आज तक आवास का लाभ नहीं दिया गया।सहोदरी देवी ने बताया कि जब से हम लोग बरियातू गांव में बसे हैं। आज तक हम लोगों को किसी प्रकार का कोई भी आवास का लाभ नहीं दिया गया है। जिसके कारण



हम सभी परिवार आज तक कच्चे मकान में ही जीवन बसर कर रहे हैं। जबकि बारियातु पंचायत में कई सुखी संपन्न लोगों को अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है और हम गरीबों को आवास के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। हम गरीब टूटे-फूटे मकान में प्लास्टिक डालकर रहने पर मजबूर हैं। जिसे लेकर भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन से जल्द से जल्द आवास मुहैया कराने का मांग किया है।

# आईएएस विनय चौबे की पत्नी के दो लॉकर फ्रीज

## आय से अधिक संपत्ति मामले के आरोपियों के पास हैं दो दर्जन से ज्यादा बैंक खाते

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड एसीबी शराब घोटाला, हजारीबाग वन भूमि घोटाला और सेवायत भूमि घोटाला से जुड़े मामलों में आरोपियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच कर रही है। इस जांच में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता पर खास फोकस है। एसीबी यह जानने की कोशिश कर रही है कि कथित अवैध कमाई कहां और किस रूप में निवेश की गई।

**सभी बैंकों को भेजा गया पत्र**

एसीबी ने झारखंड के सभी सरकारी और निजी बैंकों को पत्र भेजकर अहम जानकारी मांगी है। इसमें विनय चौबे, उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता, नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह और उनके परिवार, विनय चौबे के साले शिपीज त्रिवेदी और उनके परिवार, साथ ही ससुर सत्येंद्र नाथ त्रिवेदी के नाम पर मौजूद बैंक अकाउंट और लॉकर का ब्योरा मांगा गया है।

**लॉकर फ्रीज करने का निर्देश**

एसीबी ने बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि इन लोगों के नाम पर कोई लॉकर मिलता है तो उसे अगले आदेश तक फ्रीज कर दिया जाए। इसका उद्देश्य जांच के दौरान संपत्ति में किसी तरह की हेराफेरी को रोकना है।

**दो लॉकर मिले**

अब तक की जांच में सामने आया है कि विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता के नाम एसबीआई बैंक में दो लॉकर हैं। एसीबी इन लॉकरों से जुड़े लेनदेन और संपत्ति की जानकारी खंगाल रही है।

**दो दर्जन से अधिक खातों की जांच**

एसीबी अब तक दो दर्जन से ज्यादा बैंक अकाउंट की जांच कर चुकी है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि विनय चौबे ने अलग अलग जिलों में डीसी और उत्पाद विभाग के सचिव रहते हुए कितनी अवैध कमाई की और उसे किन तरीकों से निवेश किया। जांच जारी है और संपत्ति के हर संभावित स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है।

# रांची में ईस्ट जोनल बैंड प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता




रांची : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की मेजबानी में आयोजित की गयी जोनल स्तरीय ईस्ट जोनल बैंड प्रतियोगिता का खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के छह राज्यों–झारखंड, असम, मिजोरम, त्रिपुरा, उड़ीसा और सिक्किम–से आए कुल 15 बालक एवं बालिका वर्ग के पाइप और ब्रास बैंड दलों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से संगीत, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक एवं मुख्य अतिथि शशि रंजन, जेएसएसपीएस के सीईओ नवीन झा तथा राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए। सोरेंग द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं बैलून उड़ाकर किया गया।

वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा कला-संस्कृति के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं।

परिणामों की घोषणा के अनुसार पाइप बैंड बालक एवं बालिका वर्ग में झारखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सिक्किम द्वितीय एवं मिजोरम तृतीय स्थान पर रहे। ब्रास बैंड बालिका वर्ग में त्रिपुरा ने प्रथम, झारखंड ने द्वितीय और असम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, ब्रास बैंड बालक वर्ग में झारखंड प्रथम, त्रिपुरा द्वितीय तथा उड़ीसा तृतीय स्थान पर रहा।

प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राज्य को 10,000, द्वितीय को 7,000 तथा तृतीय को 3,000 की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। चारों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राज्यों को राष्ट्रीय स्तर की बैंड प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम का संचालन समन्वयक चंद्रदेव सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह सहित विभागीय पदाधिकारियों ने सभी विजेता राज्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत, परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या का आरोप

मेट्रो रेज



**रांची:** राजधानी के लोअर बाजार इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। 21 वर्षीय सजबीन परवीन का शव उसके कमरे में संदेहास्पद हालत में मिला है। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को मार कर आत्महत्या का रूप दिया गया है।

ज्ञात हो रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रमजान कॉलोनी में अपने सुसराल में रह रही नवविवाहिता सजबीन परवीन का शव संदिग्ध हालत में उसके कमरे में मिला। जैसे ही परवीन की मौत की जानकारी उसके मायके वाले को हुई, उन्होंने आनन-फानन में रांची पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान ससुराल पक्ष और मायका पक्ष के बीच मारपीट भी हुई।

मामले की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। मृतक परवीन के परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को ससुराल में काफी प्रताड़ित किया जा रहा था। बार-बार उसे मायके से अपना हिस्सा मांगने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। जब ससुराल वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हुए तो उन्होंने उनकी बेटी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दे दिया।

वहीं लोअर बाजार पुलिस भी मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर कर रही है। लोअर बाजार थाना प्रभारी रणविजय शर्मा ने बताया कि आत्महत्या का समय सोमवार की रात के 8:00 बजे का है, लेकिन परवीन के ससुराल वालों ने पुलिस को इसकी जानकारी रात के करीब 2:00 बजे दी। यही वजह है कि मामले को संदेहास्पद मानते हुए हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल पर जांच की जा रही है।

परवीन के पति को फिलहाल हिरासत में रखा गया है। लोअर बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि परवीन के परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन अभी तक नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिस कमरे से परवीन का शव बरामद किया गया है उस कमरे की एफएसएल जांच भी करवाई गई है।

**13 जून 2025 को हुई थी शादी**

सजमीन परवीन के भाई ने बताया कि 13 जून 2025 को उनकी बहन की शादी रांची में एक होटल में बड़े ही धूमधाम के साथ की गई थी। लेकिन उसकी बहन का शौहर जहीर शादी के बाद से ही उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगा। उस पर मायके से संपत्ति का हिस्सा मांगने के लिए दबाव बनाया जाता था, साथ ही साथ अलग-अलग समय पर पैसे की डिमांड भी की जाती थी। परिजनों ने परवीन के मौत की गहराई से जांच करने का आग्रह पुलिस से किया है।

# अपने बर्ताव के लिए माफी मांगे नीतीश कुमारः गुलाम शाहिद

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ने सोशल मीडिया पर इस घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री की मानसिक स्थिति और राजनीतिक निष्ठा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के बारे में दिमागी रूप से अस्वस्थ जैसी भाषा का प्रयोग न केवल निंदनीय और अनुचित है, बल्कि यह हमारे संविधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रति ऐसी टिप्पणी सभ्य राजनीतिक संवाद को कमजोर करती है। यदि कोई व्यक्ति वास्तव में अस्वस्थ हो, तो उसका उपहास नहीं, बल्कि उपचार और मानवीय संवेदना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए

बिहार सहित पूरे देश के नागरिकों को अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहना होगा। हमारे धर्म, आस्था, संस्कृति और सभ्यता के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं है। संविधान सभी नागरिकों–विशेषकर महिलाओं–को समानता, गरिमा और न्याय की गारंटी देता है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अपेक्षा है कि वे मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के कथित हनन के मामलों पर स्पष्टता दें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। लोकतंत्र में जवाबदेही और संवेदनशीलता ही विश्वास की नींव होती है। आइए, हम सब मिलकर संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करें और एक सशक्त, समृद्ध तथा न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# दिन दहाड़े हुई गोलीबारी की घटना में एक घायल




मेट्रो रेज

**रांची:** जिले के खलारी थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े गोलीबारी की घटना हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया है। वारदात की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गयी और वारदात के कारणों की जांच में जुट गयी। फिलहाल घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है।

# बाइक में अचानक लगी आग, मची अफरा- तफरी

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउंड के पास रातू रोड फ्लाईओवर पर एक बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक में आग लगने के बाद थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।



# मारवाड़ी युवा मंच ने किया सेल्फी विद सफाईकर्मी कार्यक्रम का आयोजन

## वार्ड 45 के सफाईकर्मियों के बीच सुबह-सुबह गरम-गरम चाय, मौजा ,तिलकुट , लड्डू सहित अन्य सामग्री बांटा गया

मेट्रो रेज




**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण जागृति महिला शाखा के द्वारा वार्ड 45 के सफाईकर्मियों को सुबह-सुबह गरम-गरम चाय, मौजा ,तिलकुट ,मुरी के लड्डू सहित अन्य सामग्री देकर सेल्फी विद सफाईकर्मी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वरूप मंच के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा उपस्थित हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आनंद सबके लिए होनी चाहिए जिस प्रकार सरहद पर सैनिक अपना काम कर रहे हैं उसी प्रकार हर मोहल्ले में एक सैनिक की तरह सफाईकर्मी भी समाज के लिए कार्य कर रहे हैं और सिर्फ एक दिन नहीं मोहल्ले में योजना बनाकर प्रतिदिन एक परिवार के लोग भी अगर अपने मोहल्ले के सफाई कर्मियों को इस ठंड के मौसम पर चाय उपलब्ध कराए तो सफाईकर्मी भी ताजगी के साथ मन लगाकर कार्य करेंगे और समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। इस अवसर पर मंच की अध्यक्ष प्रमिला सराफ ने कहा कि काम कोई छोटा बड़ा नहीं होता है हर काम के साथ-साथ हर इंसान को सम्मान देना चाहिए जो समाज में अपना योगदान दे रहा है। सचिव खुशबू शारदा ने सभी अतिथियों के साथ-साथ सभी सफाई कर्मियों को धन्यवाद प्रेषित किया और कहा कि समाज में योगदान देने वाले को धन्यवाद देने से उनका मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व उपाध्यक्ष रोहित शारदा पूर्व अध्यक्ष महिला जागृति शाखा उर्मिला मोटानी, बिना शारदा अध्यक्ष प्रमिला सराफ सचिव खुशबू शारदा, वैष्णवी बंसल, रिंकू अग्रवाल, वार्ड 45 के सुपरवाइजर सफाईकर्मी, रेजा सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/RAMGARH/ 32 /2025-26 दिनांकः– 15.12.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Vulnerable Witness Deposition Court Room, Ramgarh | 55,45,700/- | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22-12-2025 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 05-01-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06-01-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8789037009 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department
Building Division, Ramgarh

PR 368560 Building (25-26)_D

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 82/25–26.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 23/12/2025 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 24/12/2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 24/12/2025 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेट गेस्ट हाउस, राँची में अधिष्ठापित कैसेट टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,17,678=00 | 750=00 | 9,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | मननीय मुख्य मंत्री आवास, कमिशनर कार्यालय, मंत्री आवास, ए0सी0बी0 कार्यालय एवं लोकायुक्त कार्यालय में अधिष्ठापित स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 8,93,784=00 | 1250=00 | 15,000=00 | एक वर्ष |
| 3. | स्कीपा मेयर रोड, राँची, स्थित 4 अदद ध्वनि रहित जनित्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 3,61,008=00 | 750=00 | 8,000=00 | एक वर्ष |

PR 368655 (Energy) 25-26 (D)

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## तंत्र-मंत्र के परिणाम घातक

**विज्ञान** और तकनीक लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई है, लेकिन जब लोग अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र के जाल में फंसते दिखने लगें तो चिंता होना स्वाभाविक है। जाहिर है लालच और भय दोनों इसके लिए जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ के कोरबा में पांच लाख रुपए से ढाई करोड़ बनाने के लिए कराई गई तांत्रिक पूजा में तीन जनों की मौत की घटना भी ऐसे ही लालच की परिणति के रूप में सामने आई है। तांत्रिक क्रिया से रुपए बनाने का जो लालच दिया गया उसमें अंधविश्वास हावी होता नजर आया। कम समय में अधिक कमाने के लालच में तांत्रिकों के झांसे में आने की यह कोई एक घटना नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं, जिनमें अंधविश्वास के कारण लोगों की जान पर बन आती है। चिंता की बात यह भी कि पढ़े-लिखे लोग तक अंधविश्वास को गले लगाने से नहीं चूकते। अनिष्ट का डर दिखाकर लोगों से धन ऐंठने वाले भी खूब सक्रिय है। इतना ही नहीं, तांत्रिक क्रिया करने वाले डर के साथ लोगों को यह भी ताकीद करते हैं कि समूची प्रक्रिया को गोपनीय रखना होगा, अन्यथा अच्छे की उम्मीद लगाने वालों का बुरा भी हो सकता है। यह बात सच है कि शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ लोग अंधविश्वास से दूर रहने लगे हैं लेकिन संतान, धन की प्राप्ति और कर्ज से मुक्ति के दावे करने वाले कथित तांत्रिक लोगों को अपने मायाजाल में फंसा ही लेते हैं। यही नहीं, तंत्र-मंत्र के फेर में लोग अपने प्रियजन की हत्या करने से भी नहीं चूकते। यह जानते-बूझते कि कानून का शिकंजा उन्हें जेल में पहुंचा देगा। इंसान को इंसान नहीं समझने की दुष्प्रवृत्ति ही कोरबा के इस घटनाक्रम जैसे अपराधों को जन्म देने वाली बनती है। इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तारियां भी की हैं। कुछ और ऐसे मामलों का खुलासा भी हो सकता है, लेकिन यह सवाल सिर्फ कोरबा का ही नहीं, बल्कि देशभर का है जहां लोग ऐसे ढोंग व ढकोसलों के चक्कर में फंस जाते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है कि टोने-टोटकों के पीछे लोगों को ऐसा लगता है कि उनके दुख और दर्द पलभर में दूर हो जाएंगे। अंधविश्वास के फेर में फंसने वाले अपने दर्द व समस्या को किसी से भी साझा नहीं करते और ढोंगियों के जाल में फंस जाते हैं। लालच व अंधविश्वास दोनों के भले ही अलग-अलग पहलू हों, लेकिन परिणाम एक जैसे ही आते हैं। कुछ बेहतर होने की उम्मीद लगाने वालों को कोरी निराशा ही हाथ लगती है। जान-माल के नुकसान की नौबत आती है सो अलग। ऐसे में शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए बदलाव की बयार आ सकती है। स्कूली स्तर से ही अंधविश्वासों से दूर रहने की सीख दी जानी चाहिए। साथ ही टोने-टोटकों और अंधविश्वास के खात्मे का सबसे बेहतर तरीका यही है कि हर बात को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझा जाए। सोच में यह बदलाव जनजागरूकता से ही आ पाएगा। कानून को भी सख्ती अपनानी होगी, जिससे ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके।

## मैसी के नाम पर महाभारत

**फुटबॉल** के जादूगर, विश्व चैंपियन खिलाड़ी, लियोनेल मैसी कोलकाता आए और उनके फैन्स ने जो उत्पात मचाया, कमोबेश उसे खेल की दीवानगी तो नहीं माना जा सकता। चूंकि मैसी-प्रेमी अपने चहेते खिलाड़ी की झलक तक नहीं पा सके, उनसे बातचीत करना या ऑटोग्राफ लेना तो बहुत दूर की कौड़ी था, लिहाजा दर्शक भडक उठे। उन्होंने सॉल्ट लेक स्टेडियम में पानी की बोतलें फेंकी, कुर्सियां उछालीं और तोड़-फोड़ की, होर्डिंग्स फाड़ दिए, तंबू उखाड़ फेंके, आगजनी तक की और मैसी के लिए बनाई कैनोपी तक को नहीं बख्शा। यह दीवानगी के नाम पर अराजकता, गुंडागर्दी थी और आयोजन की अव्यवस्था, प्रबंधनहीनता की पराकाष्ठा थी। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इसे फुटबॉल प्रेमियों के लिए काला दिन करार दिया है। यह वाकई शर्मनाक रहा। विश्व चैम्पियन कप्तान मैसी मैदान पर एक किक तक नहीं मार पाए, क्योंकि सुरक्षा के घेरे टूटने तक की नौबत आ गई थी। फुटबॉल का जादूगर आया और बिना कोई करिश्मा दिखाए 10 मिनट में ही स्टेडियम से बाहर चला गया। कुछ पल हाथ जरूर हिलाया, लेकिन फैन्स उसे साझा नहीं कर सके। बेशक बहुत कुछ कलंकित हुआ है। भारत 2026 के ओलिंपिक खेल आयोजन की बोलियां लगा रहा है, दावे कर रहा है, लेकिन उसके एक खेल-प्रेमी शहर में खेल के संस्कार ऐसे हैं, जो खेल की दृष्टि से निंदनीय और अस्वीकार्य हैं। कोलकाता अपनी चिरंतन सभ्यता, संस्कृति, भद्रलोक की छवि के लिए विख्यात रहा है। फुटबॉल वहां की दीवानगी है, पागलपन की हद तक है। गली-गली में बच्चे फुटबॉल खेलते दिख जाएंगे। यदि फुटबॉल के विश्व चैम्पियन खिलाड़ी मैसी के सम्मान में 70 फुट ऊंची प्रतिमा का सार्वजनिक अनावरण किया जाना था, तो सबसे बेहतर यह रहता कि उनका कुछ खेल देखा जाता, उन्हें एक सुरक्षित वाहन पर सवार कर स्टेडियम में घुमाया जाता, नेताओं को भी तो घुमाया जाता है, मैसी के प्रशंसक हाथ हिला कर या हाथ जोड़ कर अथवा किसी भी तरह अपने करिश्माई खिलाड़ी का अभिनंदन कर सकते। दुर्भाग्य है कि आयोजक यह तय नहीं कर पाए। कुछ वीआईपी चेहरों, मंत्रियों, स्थानीय प्रतिनिधियों समेत दर्जनों सुरक्षाकर्मियों ने मैसी को इस कदर ढक लिया था कि फैन्स अपने हीरो की झलक तक नहीं पा सके। दर्शकों ने कम से कम 3500 रुपए और अधिकतम 25,000 रुपए के टिकट खरीदे थे। ब्लैक में टिकट 40,000 रुपए तक बेचे गए। वह काला धन किसकी जेब में गया? इस महाभारत ने न केवल बंगाल की छवि को कलंकित किया है, बल्कि देश की खेल मानसिकता को भी बदनाम किया है। हमें याद है कि फुटबॉल के शाश्वत जादूगर रहे महान पेले जब भारत आए थे, तो कमोबेश वह खेल दिखा पाए थे। ऐसी अराजकता और अव्यवस्था तो मैसी के इसी दौरे के दौरान हैदराबाद में नहीं हुई, जहां मैसी ने अपने खेल के कुछ जादुई स्पर्श दिखाए, लेकिन वहां भी यह सवालिया जरूर रहा कि मैसी के साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए 10-10 लाख रुपए वसूले गए। क्या फुटबॉल का जादूगर कोई उत्पाद है, जिसकी बोली लगाई गई? मैसी 14 लंबे सालों के बाद भारत आए हैं, जाहिर है कि जिन्होंने पूरे प्रवास का आयोजन किया है, तो उन्होंने मैसी का कुल पारिश्रमिक भी तय किया होगा! मैसी मुंबई में हैं और उन्हें दिल्ली भी आना है। उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात भी होनी है। क्या प्रधानमंत्री भी मैसी से खेद जताएंगे, हालांकि वह इसके लिए प्रत्यक्ष रूप से कसूरवार या जवाबदेह नहीं हैं? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विश्व चैम्पियन कप्तान और उनके साथी खिलाड़ियों से माफी मांगी है और एक जांच समिति का गठन किया है। मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन पुलिस ने फुटबॉल प्रेमियों को दौड़ा-दौड़ा कर, उन पर लाठीचार्ज क्यों किया? ऐसी स्थितियों में कोई भी आक्रोशित हो सकता है। खेल प्रेमियों ने देश के कई हिस्सों से कोलकाता पहुंच कर मैसी को करीब से देखने के शुल्क अदा किए थे। अपने ह्यसुपर हीरोह्ल से फैन्स रूबरू क्यों नहीं हो पाए? यह आयोजन के छिद्र हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाना चाहिए।

# खरीद की अव्यवस्था और किसानों की परीक्षा

**सरकार ने इस साल मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,263 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन प्रति किसान केवल 40 क्विंटल की अधिकतम खरीद सीमा भी लागू कर दी गई है। इसका मतलब यह हुआ कि एक किसान की लगभग एक हेक्टेयर से भी कम उपज ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी और बाकी फसल उसे कम दामों पर बेचनी पड़ेगी।**

गजेंद्र सिंह

**मंडियों** में इस समय रबी की फसलों के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। जैसे-जैसे फसल आती है, व्यापारी अपने दफ्तरों को व्यवस्थित करने में लगे हैं ताकि तौल के समय कोई भी दाना उनके हिसाब से बाहर न जाए। वहीं, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करने वाली केंद्र और राज्य की एजेंसियां और सहकारी विभाग के कर्मचारी अपने दफ्तरों में निश्चिंत दिखते हैं, क्योंकि तौल, गुणवत्ता और खरीद की प्राथमिकता उन्हीं के नियंत्रण मे है। सरकारी खरीद अक्सर धीमी रहती है- कभी आदेश के इंतजार करने के कारण रुक जाती है, तो कभी नए निर्देश आने तक पूरी प्रक्रिया ठहर जाती है। इस बीच, किसान ही परेशान रहता है-कभी मंडी की लंबी लाइन में घंटों खड़ा, कभी ई-मित्र के सामने आधी रात तक टोकन के लिए इंतजार करता और कभी ऐसे कागजी झंझट में फंस जाता जहां फसल खेत में नहीं, लेकिन कागजों में दिख रही है। किसानों के सामने यह संकट सिर्फ मौसम से जुड़ी समस्या नहीं है, यह कृषि प्रशासन की संरचनात्मक कमियों, सहकारी तंत्र की कमजोरी और न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रबंधन में छिपी खामियों को उजागर करता है। मूंगफली की सरकारी खरीद में देरी, डीएपी और यूरिया की कमी और गेहूं-सरसों की बुवाई की चुनौतियां- किसान एक साथ तीन संकट झेल रहा है।

खेत में गेहूं और सरसों की बुवाई का सही समय तेजी से निकल रहा है और उर्वरक और यूरिया की कमी उसकी चिंता और बढ़ा रही हैं। किसान के लिए यह पूरा मौसम एक लंबी परीक्षा की तरह है- जहां मेहनत वह खुद करता है, लेकिन नतीजे किसी और के निर्णय पर निर्भर होते हैं। सरकार ने इस साल मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,263 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन प्रति किसान केवल 40 क्विंटल की अधिकतम खरीद सीमा भी लागू कर दी गई है। इसका मतलब यह हुआ कि एक किसान की लगभग एक हेक्टेयर से भी कम उपज ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी और बाकी फसल उसे कम दामों पर बेचनी पड़ेगी।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि 40 क्विंटल की सीमा आखिर क्यों तय की गई? कहने को तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार फसल का कुल बाजार मूल्य और अनुमानित उत्पादन खरीद की मात्रा को प्रभावित करते हैं, क्योंकि एमएसपी का उद्देश्य किसानों को मजबूरी में फसल बेचने से बचाना और उन्हें उचित लाभ दिलाना होता है। परन्तु वास्तविकता यह है कि इन सब के बावजूद भी मूंगफली का बाजार खरीद मूल्य 4,500 से 5,800 रुपए के बीच ही रहा, जो किसान की लागत भर को मुश्किल से पूरा कर पाता है-लाभ की तो बात ही दूर है। इन सबके बीच पिछले साल मूंगफली की खरीद ने न्यूनतम समर्थन मूल्य तंत्र में छिपी गंभीर खामियों को उजागर कर दिया। 2024 में राजस्थान में मूंगफली का अनुमानित उत्पादन लगभग 20 लाख टन था, लेकिन केंद्रीय सहकारी संस्था-नैफेड और सहकारी समितियों की कुल खरीद क्षमता केवल 3.0 लाख टन तक थी। समर्थन मूल्य (6,783 रुपए) में खरीदी गई फसल के अलावा इसके परिवहन, भंडारण, प्रबंधन और अन्य खर्चों पर लगभग 3,000 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त व्यय हुआ। छह महीने बाद वही फसल बाजार में 3,500-4,000 रुपए प्रति क्विंटल में बेचनी पड़ी, जिससे प्रति क्विंटल लगभग 6,500 रुपए का घाटा उठाना पड़ा। इस सरकारी खरीद-बिक्री के तंत्र से कई सवाल उठते हैं- अगर सरकार को ही नुकसान में बेचनी पड़ी, तो खरीद क्यों की गई? अगर खरीद जरूरी थी, तो प्रबंधन ऐसा क्यों कि घाटा सरकार का और लाभ दलालों का? क्या कृषि विभाग, सहकारी तंत्र, केंद्रीय सहकारी संस्थान और नीति-निमार्ता इस ह्यव्यवस्था की मिलीभगतह्ल से अनजान हैं?

आखिर ऐसा क्यों है कि केंद्र सरकार की सहकारी संस्थाएं, राज्य प्रशासन, मंडी समिति और राज्य सहकारी समिति- सभी इस हर साल होने वाले खरीद उत्सव के बावजूद लगातार घाटे में रहते हैं? क्या यह सचमुच सही व्यवस्था है या प्रबंधन की त्रुटियां और नियोजन की कमजोरियां इसका कारण हैं? अगर यही काम निजी व्यापारी, तेल उत्पादक या विदेशी निर्यातक कर रहे होते, तो क्या वे भी हर साल इतनी बड़ी हानि उठाते? स्पष्ट है कि यह गणित दिखाता है कि वर्तमान नीति, खरीद प्रबंधन और तंत्र में गंभीर ढांचागत कमजोरियां हैं। यह व्यवस्था किसानों को सुरक्षा देने के बजाय दलालों और बिचौलियों के लाभ का साधन बन चुकी है।

अधिकांश राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य केवल कुछ फसलों तक सीमित है और जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाएं किसानों को पूरा लाभ लेने से रोकती हैं। अब समय है कि वे खुले बाजार में बिक्री के साथ अंतर राशि का सीधे भुगतान, डिजिटल पारदर्शिता और लचीली खरीद नीति अपनाएं। इससे न केवल किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलेगा, बल्कि सरकारी संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग और तंत्र की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यही अवसर है, भारत की कृषि समर्थन प्रणाली को वास्तविक रूप में किसान-केंद्रित और टिकाऊ बनाने का। साथ ही, राज्य सरकारों को न्यूनतम समर्थन मूल्य तंत्र को केवल खरीद और भुगतान तक सीमित न रखकर इसे व्यापक कृषि नीति का हिस्सा बनाना चाहिए। इसका अर्थ है- बीज, उर्वरक, सिंचाई और विपणन जैसे सभी चरणों में किसान को मजबूत समर्थन देना, डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से डेटा-संचालित निर्णय लेना।

# ऊर्जा संकट से समाधान तक: सोच में बदलाव की जरूरत

**इस दुनिया के आरंभ में ऊर्जा ही थी। अस्थिर रूप में वही अखिल ब्रह्माण्ड में सर्वत्र व्याप्त थी। उसी की क्रिया–प्रतिक्रिया से महा विस्फोट या 'बिग बैंग' हुआ। उस क्षण के बाद सारे पदार्थ (मैटर) पैदा हुए जो हम देख रहे हैं। आज ब्रह्मांड में गुरुत्वाकर्षण की ऊर्जा सब कुछ नियमित कर रही है। उसी के फलस्वरूप हमारी पृथ्वी अपनी धुरी पर टिककर सूर्य की निरंतर परिक्रमा कर रही है। इस प्रक्रिया में धरती पर निर्मित हुए वायुमंडल में जीवनदायी शक्ति है। इस धरती पर ऊर्जा के उपयोग ने मनुष्य जीवन को सार्थक व समर्थ बनाया है।**

गिरीश्वर मिश्र

**ऊर्जा** के विविध रूप हमारे जीवन के संचालन के लिए अनिवार्य हैं। जीवन, व्यापार और जगत की सारी गतिविधियां ऊर्जा पर ही टिकी हुई हैं। इसलिए ऊर्जा को सार्वभौमिक मुद्रा (करेंसी) भी कहा जाता है। वस्तुतः हमारे जीवन के सारे काम ऊर्जा पर ही निर्भर करते हैं। रूप बदल-बदल कर ऊर्जा हर जगह उपस्थित रहती है। ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है।

इस दुनिया के आरंभ में ऊर्जा ही थी। अस्थिर रूप में वही अखिल ब्रह्माण्ड में सर्वत्र व्याप्त थी। उसी की क्रिया-प्रतिक्रिया से महा विस्फोट या 'बिग बैंग' हुआ। उस क्षण के बाद सारे पदार्थ (मैटर) पैदा हुए जो हम देख रहे हैं। आज ब्रह्मांड में गुरुत्वाकर्षण की ऊर्जा सब कुछ नियमित कर रही है। उसी के फलस्वरूप हमारी पृथ्वी अपनी धुरी पर टिककर सूर्य की निरंतर परिक्रमा कर रही है। इस प्रक्रिया में धरती पर निर्मित हुए वायुमंडल में जीवनदायी शक्ति है। इस धरती पर ऊर्जा के उपयोग ने मनुष्य जीवन को सार्थक व समर्थ बनाया है। खासतौर पर जीवाश्म ईंधन की खोज व उसके उपयोग के चलते सारे परिवर्तन हुए।

कृषि, उद्योग, यातायात, संचार, नगरीकरण, जीवन की गुणवत्ता सब कुछ इस ऊर्जा का ही खेल है। ऊर्जा कई रूप धारण करती है। वह कोयला, प्राकृतिक गैस, पानी, सौर प्रकाश, वायु, आणविक आदि रूपों में उपलब्ध है। इनमें से कुछ समाप्त होने वाले स्रोत हैं तो कुछ नवीकरणीय हैं। ऊर्जा की जरूरत सबको होती है इसलिए ऊर्जा की मांग जनसंख्या पर निर्भर करती है। भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ उसकी ऊर्जा की जरूरतें भी बढ़ रही हैं। साथ ही आर्थिक कार्य, उद्योग धंधे आदि क्षेत्रों में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऊर्जा की चोरी भी हो रही है और उसका दुरुपयोग भी हो रहा है। बच्चों और बड़ों की गैर जिम्मेदार आदतें भी ऊर्जा की समस्या को बढ़ा रही हैं। लोग बिना जरूरत बल्ब जलाते हैं और दिखावे के लिए भारी ऊर्जा का अपव्यय आम बात होती जा रही है। ऊर्जा की बचत के लिए लोक शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है।

ऊर्जा में किफायत लाने के लिए ऐसे उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जो ऊर्जा की कम खपत करते हों। भारत स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों-सूर्य, जल और वायु की बहुलता वाला देश है। जरूरत है उचित प्रौद्योगिकी विकसित करने की, जो इन स्रोतों का समुचित दोहन कर उपलब्ध करा सकें। भारत में इस दिशा में पहल शुरू भी हुई है। फिर भी आज जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) के उपयोग का ही बोलबाला है। दिल्ली जैसे शहर स्मोग की गिरफ्त में आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों को देखते हुए इस दिशा में शीघ्रता से कदम उठाने होंगे। सच कहें तो ऊर्जा स्रोत में बदलाव मानव अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा बन गया है।

भ्भारत पर प्रकृति बड़ी कृपालु है और वैकल्पिक स्रोत के रूप में सूर्य का प्रकाश, वायु, जल और हाइड्रोजन प्रचुर मात्रा में बिना किसी खर्च के उपलब्ध हैं। जरूरत है तकनीकी के संवर्धन और उपयोग की। नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों का लाभ लेना ही हितकर है। मनुष्य का भविष्य ऊर्जा के भविष्य से जुड़ा हुआ है। निश्चय ही जीवाश्म ईंधन पर निर्भर रहना उपयुक्त नहीं होगा। विकल्प के रूप में आणविक ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जैव ईंधन और पवन ऊर्जा उपलब्ध हैं। ऊर्जा के नए स्रोत की ओर कदम बढ़ाने में ही कल्याण है। इसके लिए हमें अपनी सोच बदलनी होगी और जिम्मेदारी का अनुभव करना होगा।

# स्थूल का सूक्ष्म शरीर में परिवर्तन

श्रीराम शर्मा

**चिंतन-मनन**

**हमें** अपनी प्रवृत्तियां बहुमुखी बढ़ा लेने के लिए कहा गया है। इसमें सबसे बड़ी कठिनाई स्थूल शरीर का सीमा बंधन है। यह सीमित है। सीमित क्षेत्र में ही काम कर सकता है। सीमित ही वजन उठा सकता है। काम असीम क्षेत्र से संबंधित है और ऐसे है, जिनमें एक साथ कितनों से ही वास्ता पड़ना चाहिए। यह कैसे बने? इसके लिए एक तरीका यह है कि स्थूल शरीर को बिलकुल ही छोड़ दिया जाए और जो करना है, उसे पूरी तरह एक या अनेक सूक्ष्म शरीरों से संपन्न करते रहा जाए। निर्देशक को यदि यही उचित लगेगा, तो उसे निपटाने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। स्थूल शरीरों का एक झंझट है कि उनके साथ कर्मफल के भोग विधान जुड़ जाते हैं। यदि लेन-देन बाकी रहे तो अगले जन्म तक वह भार लदा चला जाता है और फिर खिंच-तान करता है। ऐसी दशा में उसके भोग भुगतते हुए जाने में निश्चिंतता रहती है। रामकृष्ण परमहंस ने आशीर्वाद, वरदान बहुत दिए थे। उपार्जित पुण्य भंडार कम था। हिसाब चुकाने के लिए गले का कैंसर बुलाया गया, बेबाकी तब हुई। आद्य शंकराचार्य को भी भगंदर का फोड़ा ही जान लेकर गया था। महात्मा नारायण स्वामी को भी ऐसा ही रोग सहना पड़ा। गुरु गोलवलकर कैंसर से पीड़ित होकर स्वर्गवासी हुए। ऐसे ही अन्य उदाहरण भी हैं, जिनमें पुण्यात्माओं को अंतिम समय व्यथापूर्वक बिताना पड़ा। इसमें उनके पापों का दंड कारण नहीं होता। वह पुण्य अतिरेक की भरपाई करना होता है। वे अनेकों का कष्ट अपने ऊपर लेते रहते हैं। बीच में चुका सके, तो ठीक अन्यथा अंतिम समय हिसाब-किताब बराबर करते हैं, ताकि आगे के लिए कोई झंझट शेष न रहे और जीवनमुक्त स्थिति बने रहने में पीछे का कोई कर्मफल व्यवधान उत्पन्न न करे। मूल प्रश्न जीवसत्ता के सूक्ष्मीकरण का है। सूक्ष्म व्यापक होता है, बहुमुखी भी। एक ही समय में कई जगह काम कर सकता है। कई उत्तरदायित्व एक साथ ओढ़ सकता है। जबकि स्थूल के लिए एक स्थान, एक सीमा के बंधन हैं। स्थूल शरीरधारी अपने भागदौड़ के क्षेत्र में ही काम करेगा। साथ ही भाषाज्ञान के अनुरूप विचारों का आदान-प्रदान कर सकेगा। किंतु सूक्ष्म में प्रवेश करने पर भाषा संबंधी झंझट दूर हो जाते हैं। विचारों का आदान-प्रदान चल पड़ता है। विचार सीधे मस्तिष्क या अंतराल तक पहुंचाए जा सकते हैं। उनके लिए भाषा माध्यम आवश्यक नहीं। व्यापकता की दृष्टि से यह एक बहुत बड़ी सुविधा है। यातायात की व्यवस्था भी स्थूल शरीरधारी को चाहिए।

## आपके पत्र

### आतंकवाद से निपटने को ठोस रणनीति जरूरी

भारत इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जब आतंकवाद का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। हाल ही में पकड़ा गया डॉक्टर टेरर मॉड्यूल इस व्यापक परिवर्तन का अत्यंत खतरनाक संकेत है। पहले जहां आतंकवादी संगठन अपनी भर्ती का दायरा सीमित, गरीब या कट्टरपंथी समूहों तक रखते थे, अब वे अत्यंत शिक्षित, उच्च पदों पर कार्यरत और समाज में प्रतिष्ठित माने जाने वाले व्यक्तियों को भी अपने नेटवर्क में शामिल कर रहे हैं।

दिल्ली ब्लास्ट में शामिल तीन डॉक्टरों की गिरफ्तारी और उनके जैश-ए-मोहम्मद तथा अंसार गजवत-उल-हिंद के संयुक्त नेटवर्क का हिस्सा होना इस नए पैटर्न की गवाही देता है। इससे यह स्पष्ट है कि आईएस और उससे जुड़े संगठन अब साइलेंट और स्मार्ट मॉड्यूल बना रहे हैं, जिनकी गतिविधियां सामान्य जनता और जांच एजेंसियों से छिपी रहती हैं।

**आरके जैन,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# देवपहाड़ उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ का पद खाली रहने से 22 गांव के लोग प्रभावित




संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियो प्रखंड क्षेत्र के जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के क्षेत्र के मलेरिया व वायरल फीवर से प्रभावित उप स्वास्थ्य केंद्र देवपहाड़ में सीएचओ का पद खाली रहने और एएनएम अक्सर ड्यूटी से नदारद रहने के कारण आस पास के गांव के 22 गांव के लोग इलाज कराने से प्रभावित रहते है। मिली जानकारी के अनुसार देव पहाड़ उपस्वास्थ्य केंद्र में 2021 में सीएचओ रश्मि प्रिया तिर्की को पदस्थापित किया गया था कुछ दिन ड्यूटी करने के बाद एसडब्ल्यूसी महादेवगंज में सुविधा अनुसार कराई वहां नई सीएचओ को पदस्थापित करने के बाद पुनः 2023 में देवपहाड़ में उन्हें पदस्थापित किया गया जहां 4 से 5 महीना तक ड्यूटी की इसके बाद उन्हें एसएनसीयू साहिबगंज में पदस्थापित करा दिया गया है।जिससे देवपहाड़ में सीएचओ का पद खाली हो गया।जिस कारण वहां के आसपास के गांव कुश्टाढ़ इंचटाड़ गड़गड़ी,देवपहाड़, शहरपुर जेटके सहित अन्य 22 गांव के लोग प्रभावित हो गए है।गांव के आदिम जनजाति ग्रामीणों ने बताया कि गांव से बोरियो सीएचसी लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पड़ती है।टायफायड, मलेरिया, वायरल फीवर,सर्दी-जुकाम सहित अन्य बीमारी होने पर मजबूरन झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराते है जिससे खतरा बना रहता हैं।गांव के ग्रामीण बुदवा पहाड़िया, महिला चांदी पहाड़िन,सहित अन्य महिलाओं ने नाम न बताने के एवज में बताया कि देवपहाड़ में सीएचओ का पद खाली रहने एवं पदस्थापित एएनएम प्रेरणा भारती अक्सर ड्यूटी समय में नदारद रहती है हमेशा ताला लटका हुआ रहता है एनएनएम अक्सर गायब रहती है जिस कारण मरीजों एवं महिलाओं को काफी परेशानी होती है।स्थिति यह है कि सभी सुविधाएं होने के बाद भी उप स्वास्थ्य केंद्र का लाभ उतना लोगों को नहीं मिल पा रहा है जितना लोगों को मिलना चाहिए।ग्रामीण इस संबंध में काफी आक्रोशित है।जिससे आसपास के गांव के लोग इलाज कराने के उप स्वास्थ्य केंद्र तो आते है लेकिन सीएचओ का पद खाली रहने एवं ताला लटका देख से वापस लौट जाते है।इस उप स्वास्थ केंद्र में सीएचओ की मांग को लेकर कई बार गांव के प्रधान ओर इस इलाका के लोगों ने सिविल सर्जन एवं उपायुक्त को लिखकर दे चुका है ओर दो सिविल सर्जन बदली हो भी चुका है उसके बाद भी आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लोगों को कोई सुनने बाल नहीं है।इस क्षेत्र के लोगों के बारे में जिला प्रशासन मोन धारण करके बैठे हुए है।मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र मालतो ने बताया कि सीएचओ नहीं रहने के कारण आसपास के कई गांवों के लोग प्रभावित है मजबूरन झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराते है जिससे लोगों को हमेशा डर बना रहता हैं।अगर उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ रहती तो छोटी-छोटी बीमारी का इलाज इसी उप स्वास्थ्य केंद्र में हो जाता वही उन्होंने सीएचओ की मांग की हैं ताकि लोगों प्राथमिक इलाज का सही लाभ मिल सके।एएनएम प्रेरणा भारती नदारद रहने की बात पर बताया कि प्रतिदिन उन्हें उप स्वास्थ्य केंद्र खोलना चाहिए।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार एवं बीपीएम बिष्णु भगत ने बताया कि देवपहाड़ उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए सीएचओ पद के लिए सीएस से कई बार लिखित एवं मौखिक तौर पर मांग की गई है लेकिन अब तक उनकी मांगों को अनदेखी किया गया हैं।देवपहाड़ उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 22 गांव आता है यह गोड्डा जिला के सीमा क्षेत्र से जुड़ती अक्सर यह गांव मलेरिया एवं वायरल फीवर से प्रभावित होती है क्योंकि गोड्डा जिला के लोगों के साथ मिलना जुलना एवं आना जाना लगा रहता है जिस कारण मलेरिया, टायफायड एवं वायरल फीवर होते रहता है।हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा मलेरिया एवं वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ने पर कैंप लगाकर इलाज किया जाता है।वही बताया कि एएनएम नदारद होने की जानकारी उन्हें नहीं है।बिना सूचना के एएनएम गायब है उनका स्पष्टीकरण निकाल कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### खेत में काम करने के दौरान सांप के काटने से मूर्छित

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत सांवला पुर बांझी निवासी धन मरांडी 50 को खेत में काम करने के दौरान सांप के काटने से मूर्छित हो गया। वही मूर्छित व्यक्ति इसकी सूचना घर आकर अपने परिजनों को दिया।वही परिजन आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर प्रशांत कुमार ने फौरन इलाज इलाज में जुट गए। वही इलाज के क्रम में व्यक्ति की मौत हो गई। वही परिजनों ने बताया कि खेत में खेती करने गए थे तभी किसी सांप ने काट लिया और मूर्छित हो गया।घर से इतना दूर आते आते लेट हो गया।जिसके कारण व्यक्ति की मौत हो गई।

### छत से गिरकर युवक गंभीर से घायल

**साहिबगंज :** छत में चढ़ने के दौरान छत से गिरकर युवक गंभीर से घायल हो गया। जहां परिजनों की मदद से युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर प्रशांत कुमार ने युवक का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। परिजनों ने बताया कि युवक बिहार के कटिहार जिला के तालिभट्टा निवासी है। युवक तनकुन कुमार 35 साहिबगंज अपनी पत्नी को लेने आया था।वही सोमवार को छत में चढ़ने के दौरान गिर गया और घायल हो गया।जहां डॉ ने सीटी स्कैन कराने की बात कही ।

### स्कॉर्पियो चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारकर फरार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेडियम रोड के समीप अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के द्वारा बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। वही घायल को स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार कर भर्ती कर लिया गया। घायल की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नया टोला अम्बडीहा महादेवगंज निवासी गौतम कुमार महतो 30 पिता रामवचन महतो के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि बीते रविवार को युवक साहिबगंज समलापुर से कामकर अपने घर लौट रहा था।तभी स्टेडियम रोड के समीप स्कॉर्पियो चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल के पैर एवं कमर में गंभीर चोट है।जहां डॉ ने एक्स-रे कराने की बात कहीं है।

### रेलवे पुल से गिरकर एक किशोर गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन में रेलवे पुल से गिरकर एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही आरपीएफ पुलिस सरोज कुमार एवं जीआरपी पुलिस मोहम्मद सरफराज के सहयोग से घायल किशोर को आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर केशव कृष्णा के द्वारा फौरन इलाज किया गया। वही किशोर की पहचान कृष्णा कुमार 15 पिता छोटे लाल यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार किशोर बीते मंगलवार को सुबह 7:30 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। घर वालों की काफी खोजबीन शुरू किया। वही बीते शनिवार को नगर थाना में आवेदन भी दिया गया था।वही सोमवार को किशोर रेलवे स्टेशन में पुल से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया।वही आरपीएफ के पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचना दिया गया।वही परिजन सदर अस्पताल पहुंच घायल के पास है।

### वन बाइट रेस्टोरेंट का एसडीपीओ किशोर तिर्की ने किया उद्घाटन



**साहिबगंज :** शहर के पूर्वी फाटक नियर रॉयल फिटनेस जिम के समीप वन बाइट रेस्टोरेंट का सोमवार शाम एसडीपीओ किशोर तिर्की समेत अन्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया।जहां इसको लेकर वन बाइट रेस्टोरेंट के संचालक पप्पू कुमार साह ने बताया कि साहिबगंज जिले में यह पहला रेस्टोरेंट है जिसमें कम किफायती दामों में बेहतरीन लजीज व्यंजनों का लुत्फ अब यहां के लोग उठा सकते हैं।आगे उन्होंने बताया कि यहां पिज्जा के सभी तरह के आइटम स्नेक्स,वेज,नॉन वेज,जन्मदिन सेलिब्रेशन एवं पूरे परिवार के लिए सेपरेट केबिन की सुविधा उपलब्ध है।उधर उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव सहित कई ग्राहक मौजूद थे।

### प्रभारी प्राचार्य कविता मंडल को एनएसयूआई ने दी बधाई

**साहिबगंज/बरहरवा :** एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल ने बीएसके महाविद्यालय के नई प्रभारी प्राचार्य डॉ.कविता मंडल बनाए जाने की बधाई दी।जिसमें जिला अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट ने शॉल ओढ़ाकर कर बधाई दी साथ ही एनएसयूआई कॉलेज अध्यक्ष सोयेब अख्तर ने भी शॉल ओढ़ाकर कर बधाई दी।कॉलेज की स्थिति एवं समस्या पर विशेष चर्चा हुई। कॉलेज के भविष्य को लेकर कई सुझाव एवं विचार विमर्श किया गया।मौके पर पूर्व जिला संयोजक रफत हुसैन,कॉलेज पूर्व सचिव दाऊद इब्राहिम,एनएसयूआई सदस्य आमिर अंसारी,जयंतो कुमार,वसीम अकरम मो०जुनैद,अभिषेक गुप्ता,सरफराज नवाज,छात्र जय प्रकाश,अब्दुल गनी,अफजाल शेख,अजफर शेख,विवेक कुमार,सोहेल अख्तर एवं अन्य उपस्थित थे।

### धान सीधे सरकार को ऊंचे कीमत पर बेचेंगे : किस्कू

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाराघुटू में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया।आज इस धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत रूप से ज़िप अध्यक्ष मोनिका किस्कू,प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी,प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान,ज़िला प्रवक्ता राजाराम मरांडी तथा अन्य ने विधिवत रूप से फीता काट उद्घाटन किया।इस धान अधिप्राप्ति केंद्र में अब किसान अपने धान को किसी बिचोलिए और बाजार में कम कीमत में न बेचकर सीधे सरकार को ऊंचे कीमत पर बेचेंगे।मौके पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देव सोरेन,मोहम्मद अली अंसारी,जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम,जिप सदस्य जेठा मुर्मू,पुसा टुडू,सुनिराम हांसदा, समदा सोरेन युवा नेता नागराज साह सहित अन्य मौजूद थे।

## डीसी ने किसान समृद्धि योजना पर चर्चा करते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बीज वितरण लाभुकों के चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। किसान समृद्धि योजना पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने जिन प्रखंडों में एटीएम व बीटीएम की पदस्थापना नहीं है।वहाँ शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही एटीएम, बीटीएम को सक्रिय रूप से किसानों के बीच जाकर विभिन्न कृषि योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त के समक्ष विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई।जिनमें प्रमुख रूप से वर्षापात व आच्छादन प्रतिवेदन, बीज विनिमय वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, एनएफ एसएनएम अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, रसायन निबंधन, झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना,पीएम-आरके वीवाई-पीडीएमसी, आरकेवीवाई मृदा स्वास्थ्य उर्वरता मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना किसान समृद्धि योजना, डिजिटल फसल सर्वेक्षण, केसीसी, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना तथा बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषि पाठशाला शामिल रहे। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता, उप परियोजना निदेशक आत्मा मंटु कुमार सहित एटीएम और बीटीएम उपस्थित थे।

## सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली : मिश्रा



संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड क्षेत्र में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा बरहेट विस के प्रखंड सुंदरपहाड़ी क्षेत्र भ्रमण दौरान बरहेट स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में कार्यकताओं से मिले। झामुमो प्रखंड समिति के ओर से श्री मिश्रा को भव्य स्वागत किया गया।श्री मिश्रा ने बारी-बारी से कार्यकताओं का हाल-चाल पूछा और प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी से सभी पंचायतों में सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।साथ ही साथ संगठन व सदस्यता रसीद के बारे में चर्चा हुई।मौके पर ज़िप अध्यक्ष मोनिका किस्कू,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे,थाना प्रभारी पवन कुमार,झामुमो जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,झामुमो जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी, सचिव मुजीबुर्रहमान, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देव सोरेन, मोहम्मद अली, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, प्रखंड उपप्रमुख रुपक साह, प्रखंड कोषाध्यक्ष गुंजन सिंघानिया, शमीम अंसारी, एजाज अंसारी लुखिराम हेंब्रम, सुनिराम हांसदा, पुसा टुडू, जिसू मरांडी,सुनील सोरेन, समदा सोरेन, अब्दुल मजीद,नूर हुसैन अंसारी, मिराज हक,बाबुधन टुडू,चारलेश सोरेन, प्रो हासिम अख्तर,रेजाउल रहमान,शाम हेंब्रम,आरिफ अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 को



संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरीयो प्रखंड कमेटी की बैठक की प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी के आवास पर आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी ने किया।वही झामुमो बोरियो प्रखंड कमेटी के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 18 दिसम्बर को समय 1.30 बजे से बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मोरंग नदी स्थित सत्यनाथ शाह के आवास पर किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,जिला सचिव सुरेश मरांडी,जिला उपाध्यक्ष संजीव शामु हेंब्रम व सभी जिला समिति के वरीय पदाधिकारी गण,केंद्रीय समिति के सदस्यगण आ रहे हैं।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू आज बोरियो प्रखंड कमेटी ने यह संयुक्त निर्णय लिया कि सभी बोरियो प्रखंड के पंचायत अध्यक्ष,सचिव व खासकर पंचायतों के बीएलओ जो नियुक्त पार्टी स्तर से किए गए।उन्हें 18 दिसम्बर 25 को साथ जिम्मेदारी पूर्वक लेकर आने का कार्य करेंगे।सभी बीएलए से रुबरु झामुमो जिला समिति साहेबगंज होगी। वही अपना मार्गदर्शन बीएलए प्राप्त करेंगे।बैठक में प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी,प्रखंड कोषाध्यक्ष निताय मंडल,सुरेश मरांडी,मो एजाज अंसारी,अर्जुन रजक,शकील अहमद,मानवेल हांसदा,हेमलाल हेंब्रम,रमेश मुर्मू,लक्ष्मण बेसरा,समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड में एमएसएमई को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा एमएसएमई के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी कार्यक्रम के तहत आज साहिबगंज में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उद्देश्य एमएस एमइएस को औपचारिक रूप देना उद्यमिता पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। शिविर के दौरान उद्यमियों ने ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाया, जिससे जिले में औपचारिक एम एस एम ई इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है साथ ही जीएम डीआईसी रमाकांत चतुवेर्दी ईस्टर्न चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष,इओडीबी प्रबंधक, प्रधान लिपिक आलोक रंजन सिंह, जिला उद्यमी समन्वयक, सभी प्रखंड उद्यमी, समन्वयक मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बीएचयू के 105वें दीक्षांत समारोह में अमन कुमार होली को एमए हिंदी साहित्य की उपाधि



संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के कॉलेज रोड निवासी अशोक कुमार साह एवं शोभा देवी के पुत्र अमन कुमार होली को प्रतिष्ठित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के105वें दीक्षांत समारोह में एम.ए.हिंदी साहित्य की उपाधि प्रदान की गई।अमन कुमार होली ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एन.आर.पी.सेंटर से प्राप्त की।इसके पश्चात उन्होंने वर्ष 2018 में पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, साहिबगंज से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की।वर्ष 2020 में उन्होंने साहिबगंज महाविद्यालय से विज्ञान संकाय में बारहवीं की शिक्षा पूर्ण की वर्ष 2023 में हिंदी साहित्य से स्नातक की उपाधि प्राप्त की।अमन ने बताया कि बचपन से ही हिंदी साहित्य में गहरी रुचि होने के कारण उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से ही हिंदी में स्नातकोत्तर अध्ययन का लक्ष्य निर्धारित किया।वर्ष 2023 में सीयूईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने बीएचयू में एम.ए.हिंदी साहित्य में नामांकन लिया।उल्लेखनीय है कि अमन ने यूजीसी नेट असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा तीन बार सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की है।शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ अमन को लेखन के क्षेत्र में भी विशेष रुचि है।उन्होंने विभिन्न साहित्यिक मंचों पर अपनी काव्य प्रतिभा का परिचय दिया है।उनकी वाराणसी केंद्रित उपन्यास ह्यबनारसीपनह्ल तथा काव्य संग्रह ह्यपरंपरा से मुठभेड़ह्ल वर्तमान में प्रकाशनाधीन हैं।अमन का मानना है कि साहित्य,संगीत और कला व्यक्तित्व को निखारने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम हैं।इनके माध्यम से जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।और समाज व मानवता के लिए कार्य करने के अवसर प्राप्त होते हैं।उन्होंने युवाओं में घटती पुस्तक-पठन संस्कृति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है,जो कला,सृजनशीलता और परिश्रम को प्रभावित कर रहा है।सामाजिक एवं राष्ट्रीय गतिविधियों में भी अमन की सक्रिय भागीदारी रही है। उन्होंने जिला,राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक कार्यक्रमों में जिले का नेतृत्व किया है।इनमें नेशनल इंटीग्रेशन कैंप, राष्ट्रीय युवा महोत्सव,राज्य स्तरीय युवा महोत्सव,गणतंत्र दिवस परेड कर्तव्य पथ में वाटर वॉरियर के रूप में नेतृत्व तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान से बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन में गंगा प्रहरी स्पीयरहेड ट्रेनिंग प्रमुख हैं।अपनी सफलता का श्रेय अमन कुमार होली ने अपने सभी गुरुजनों,माता-पिता,बहन बेबी गुप्ता एवं आंचल कुमारी, तथा अपने मित्रों और शुभचिंतकों को दिया है।

# मोनोक्रोम आउटफिट में करीना का क्लासी लुक मिनिमल स्टाइलिंग में बेबो ने लूटी महफिल

**फुटबॉल** के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मैसी इन दिनों अपने गोट इंडिया टूर के तहत भारत पहुंचे हुए हैं। इस खास मौके पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक भव्य इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड और खेल जगत की कई नामी हस्तियों ने शिरकत की। इस इवेंट में करीना कपूर भी अपने शानदार और क्लासी अंदाज में नजर आईं। वहीं, इवेंट के इस लुक की करीना ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो गोट इंडिया टूर इवेंट के लिए करीना कपूर ने मोनोक्रोम ब्राउन आउटफिट चुना और ब्राउन स्कर्ट के साथ मैचिंग कलर का ब्लेजर पेयर किया, जिस पर बड़े गोल्डन बटन्स और एलीफेंट मोटिफ डिजाइन नजर आया। यह आउटफिट उनके पावरफुल और ग्रेसफुल पर्सनैलिटी को पूरी तरह कॉम्प्लीमेंट करता दिखा।

अपने इस लुक को करीना ने मिनिमल रखा। स्लीक बन हेयरस्टाइल और स्टाइलिश सनग्लासेज के साथ बेबो का यह अंदाज बेहद एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लग रहा है। करीना कपूर ने अपने पोस्ट में सिर्फ अपना लुक ही नहीं, बल्कि अपने बेटों तैमूर और जेह की भी झलक दिखाई। दोनों ही लियोनल मैसी के बड़े फैन नजर आए और उन्होंने मैसी की जर्सी वाली टी-शर्ट पहनी। बच्चों की यह क्यूट दीवानगी फैंस को खूब पसंद आ रही है। करीना कपूर के इस लेटेस्ट पोस्ट ने फैंस को पूरी तरह इंप्रेस कर दिया है। उनकी तस्वीरों पर लगातार लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ रही है, जहां लोग उनके स्टाइल, ग्रेस और कॉन्फिडेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर जल्द ही तख्‍ और दायर जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। अपने स्टाइल और अभिनय दोनों से बेबो लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं।



# शहजादी है तू दिल की में मेरा किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर

**अभिनेत्री** आशिका पादुकोण का कहना है कि स्टार प्लस के शो शहजादी है तू दिल की में उनका निभाया दीपा का किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है। स्टार प्लस का नया शो शहजादी है तू दिल की लगातार दर्शकों के दिलों को छू रहा है, और इसके असर का एक बड़ा कारण आशिका पादुकोण द्वारा निभाया गया दीपा का भावुक किरदार है। दिल टूटने, ज़िम्मेदारियों और मजबूती के बीच जूझती एक मां की भूमिका निभा रहीं आशिका ने हाल ही में अपने किरदार और उसे पर्दे पर उतारते वक्त जुड़ी इमोशनल बातों को लेकर खुलकर बात की।

आशिका ने दीपा की मानसिक स्थिति पर बात करते हुए कहा कि उनका किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है, लेकिन भावनात्मक सहारे की उम्मीद में वह कहीं न कहीं नाजुक भी है। उन्होंने कहा कि दीपा आत्मनिर्भर है, लेकिन कहीं न कहीं उसे उम्मीद थी कि भानु ज़िम्मेदारी निभाएगा। जब वह उम्मीद टूटती है, तो वह उसे अंदर से तोड़ देती है। मैंने उसी विश्वासघात, निराशा और बेबसी की भावना को महसूस किया, खासकर यह जानते हुए कि वह अपनी बेटी के भविष्य के लिए यहां तक आई है, और यही उनकी परफॉर्मेंस की भावनात्मक नींव को दर्शाता है। आशिका ने बताया कि इस किरदार का सबसे मुश्किल हिस्सा दीपा के चुपचाप सहने वाले दर्द को दिखाना था। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन बात दीपा के मन के अंदर चल रही लड़ाई को दिखाना था। वह अंदर से बहुत आहत है, लेकिन अपनी बेटी के सामने खुद को टूटने नहीं देती। बाहर से मजबूत और संभली हुई दिखते हुए उस चुपचाप टूटते दिल को दिखाना भावनात्मक तौर पर बहुत मुश्किल था, लेकिन एक कलाकार के रूप में यह मेरे लिए बहुत असरदार अनुभव रहा। शहजादी है तू दिल की सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे सिर्फ स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।





# काजोल ने मनाया कभी खुशी कभी गम के 24 साल का जश्न

**बॉलीवुड** की जानीमानी अभिनेत्री काजोल ने अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। यश जौहर निर्मित और करण जौहर निर्देशित फिल्म कभी खुशी कभी गम 14 दिसंबर 2001 को रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, शाहरुख खान, काजोल,ऋतिक रोशन और करीना कपूर ने अहम भूमिकायें निभायी थी।

फिल्म को प्रदर्शित हुये 24 साल हो गये हैं। इस फिल्म में काजोल ने अंजलि का किरदार निभाया था। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा की। इसमें अपनी फिल्म कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे का जश्न मनाया। काजोल ने फिल्म से जुड़ी अपनी एक फोटो शेयर की। काजोल ने यंग लड़कियों को एक खास सलाह दी। काजोल ने कहा, सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो। खुलकर जीयो। राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख ने निभाया था) लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा। इस मैसेज के जरिए काजोल यंग लड़कियों को खुलकर जीने की सलाह दे रही है।

# यशराज फिल्म्स विदेशों तक लेकर जाएगी इक्कीस,आदित्य चोपड़ा और दिनेश विजन फिर साथ

**साल** 2025 का समापन देशभक्ति की दमदार लहर के साथ होने जा रहा है, जब सिनेमाघरों में दस्तक देगी फि ल्म इक्कीस। यह फिल्म वीर शहीद अरुण खेत्रपाल के जीवन से प्रेरित है और इसका ट्रेलर और कलाकारों की घोषणा पहले ही दर्शकों के बीच खासा उत्साह जगा चुकी है। 3 दिसंबर को यशराज फि ल्म्स ने आधिकारिक तौर पर एलान किया कि वह इस युद्ध आधारित फि ल्म को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वितरित करेगी। इसके साथ ही यह साल में चौथी बार है जब यशराज फि ल्म्स का वैश्विक वितरण विभाग और दिनेश विजन की मैडॉक फि ल्म्स साथ आ रहे हैं।



2025 वह साल रहा जब यशराज फि ल्म्स और मैडॉक फि ल्म्स ने पहली बार वितरण के स्तर पर हाथ मिलाया। इस साझेदारी की शुरूआत हुई छावा से, इसके बाद आईं भूल चूक माफ , थम्मा और अब युद्ध ड्रामा इक्कीस । व्यापार जगत से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, इन तीनों फि ल्मों के सामने अपनी अपनी चुनौतियाँ थीं, लेकिन यशराज फि ल्म्स ने अपने अनुभव और विदेशों में मजबूत साख के दम पर हालात संभाल लिए। छावा की टक्कर हॉलीवुड की बड़ी फि ल्म कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड से थी। इतना ही नहीं, चीन की अब तक की सबसे बड़ी फि ल्मों में शामिल ने झा 2 भी उसी दिन, यानी 14 फरवरी को उत्तरी अमेरिका में रिलीज हुई। इसके बावजूद यशराज की टीम ने पर्याप्त सिनेमाघरों में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की।

सूत्र ने आगे बताया कि भूल चूक माफ पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी तारीख बदलकर 23 मई कर दी गई। आखिरी समय में हुए इस बदलाव और दो हफ्तों में डिजिटल मंच पर आने के फैसले के चलते कई देशों और सिनेमाघरों में फि ल्म रिलीज ही नहीं हो पाई। एक बार फिर यशराज फि ल्म्स की साख काम आई। तीसरी फि ल्म थम्मा को लेकर सूत्र ने कहा कि यह फि ल्म मंगलवार को, यानी हफ़्ते के बीच रिलीज हुई थी। इसके बावजूद यशराज की टीम ने विदेशों में इसके लिए सहज और संतुलित रिलीज सुनिश्चित की।

बात को समेटते हुए सूत्र ने कहा कि अब यशराज फि ल्म्स के लिए सबसे बड़ी कसौटी होगी इक्कीस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सही ढंग से पेश करना। यह फि ल्म साल की सबसे बड़ी हॉलीवुड पेशकश अवतारः फायर एंड ऐश के सिर्फ. छह दिन बाद रिलीज हो रही है और साथ ही एनाकोंडा से भी मुकाबला होगा। इसके अलावा 25 दिसंबर को ही एक और बड़ी हिंदी फि ल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी से भी वैश्विक टकराव है, जिससे विदेशी बाजार और कड़ा हो जाता है। बावजूद इसके, ह्य छावा , भूल चूक माफ और थम्मा के अनुभव को देखते हुए इंडस्ट्री को भरोसा है कि यशराज फि ल्म्स की अंतरराष्ट्रीय वितरण टीम इक्कीस के लिए सही सिनेमाघर, सही शो और सही रफ़्तार जरूर तलाश लेगी। ह्यइक्कीस में दिवंगत दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के साथ अगस्त्य नंदा, सिमर भाटिया और जयदीप अहलावत जैसे शानदार कलाकार नजर आएँगे। यह कलाकारों का ऐसा संगम है जो गहराई, गंभीरता और यादगार अभिनय का वादा करता है। दिनेश विजन की मैडॉक फि ल्म्स द्वारा निर्मित और श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इक्कीस इस क्रिसमस, 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# धुरंधर की जबरदस्त कामयाबी पर रणवीर सिंह ने जताया दिल से आभार



**बॉक्स** ऑफिस पर जबरदस्त सफलता और दर्शकों की दीवानगी के साथ, रणवीर सिंह की फिल्म ने भारतीय सिनेमा में कमबैक की कहानी को नए सिरे से लिख दिया है। फिल्म की टिकट पर इतिहास रचते हुए और कई रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, सुपरस्टार रणवीर सिंह ने आखिरकार अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बेहद शक्तिशाली और कृतज्ञता से भरा संदेश साझा किया, जो पूरे इंडस्ट्री में गूंज उठा। अपनी स्टोरी में रणवीर ने लिखा, किस्मत की एक बहुत खूबसूरत आदत है कि वह वक्त आने पर बदलती है,लेकिन फिलहाल, नजर और सब्र

धुरंधर रणवीर सिंह के करियर में एक निर्णायक मोड़ साबित हुई है। इस फि ल्म ने यह साबित किया है कि वह बड़े पैमाने की फि ल्मों का भार उठाते हुए भी दमदार और दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस दे सकते हैं, जिससे उनकी पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में उनकी जगह और भी मजबूत हुई है।

यह प्रतिक्रिया जुनून, पुनर्निर्माण और एक अभिनेता व उसके दर्शकों के बीच के अटूट रिश्ते का जश्न मनाती है।

इस संदेश के जरिए रणवीर ने दर्शकों के प्रति दिल से आभार जताया और उस भरोसे, धैर्य और अटूट समर्थन को स्वीकार किया जो कठिन समय में भी उनके साथ खड़ा रहा। सादगी से भरा लेकिन भावनाओं से यह नोट उनके विनम्र स्वभाव को दर्शाता है—एक ऐसा कलाकार जो जश्न से ज्यादा अपने दर्शकों से जुड़ाव को महत्व देता है। यह सिर्फ. आंकड़ों की प्रतिक्रिया नहीं थी, बल्कि उन लोगों को सलाम था जिन्होंने विश्वास को एक बड़े सिनेमा-फेनोमेनन ( घटना )में बदल दिया।

यह जबरदस्त कमबैक रणवीर सिंह के सफर का एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। इस फिल्म के साथ उन्होंने न सिर्फ. अपनी पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेता के रूप में अपनी जगह फिर से मजबूत की है, बल्कि यह भी साबित किया है कि बड़े पैमाने की फिल्मों का बोझ उठाते हुए भी वे ऐसी दमदार परफॉर्मेंस दे सकते हैं जो सीधे दिल तक पहुंचती है। टूटे रिकॉर्ड और हासिल किए गए माइलस्टोन उनके स्टारडम का प्रमाण हैं, लेकिन उससे भी बढ़कर उनके शिल्प के प्रति अथक समर्पण का, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है।

इंडस्ट्री के साथी, समीक्षक और प्रशंसक इस सफलता को ऐतिहासिक बता रहे हैं। कई लोग इसे इस बात की याद दिलाने वाला पल मान रहे हैं कि रणवीर सिंह आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे रोमांचक ताकतों में से एक हैं—हर बार नए रूप में ढल जाने की उनकी गिरगिट जैसी क्षमता, उनकी बहुमुखी प्रतिभा और बेमिसाल रेंज हर प्रोजेक्ट के साथ अपने शिखर पर नजर आती है। उनकी यह कृतज्ञ प्रतिक्रिया एक शक्तिशाली ह्यफुल-सर्कलह्न पल बनकर सामने आई है—जो जज्बे, पुनर्निर्माण और एक अभिनेता व उसके दर्शकों के बीच के अटूट रिश्ते का उत्सव मनाती है।



# बीसीसीआई का टीम इंडिया के खिलाड़ियों के लिए फरमान, घरेलू सीरीज में हर सूरत खेलने होंगे दो मैच

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया के प्लेयर्स के लिए एक नया फरमान जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने भारत की व्हाइट बॉल टीम के खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा है। इसका हिस्सा भारत के सीनियर प्लेयर रोहित शर्मा और विराट कोहली भी होने वाले हैं। 24 दिसंबर से विजय हजारे ट्रॉफी 2025-2026 का आगाज होगा।

18 जनवरी, 2026 तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट एकदिवसीय फॉर्मेट में खेला जाता है। भारत के लिए सिर्फ वनडे फॉर्मेट खेलने वाले विराट कोहली और रोहित शर्मा भी विजय हजारे ट्रॉफी में भाग लेने वाले हैं। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता की सूचना दे दी है। रोहित मुंबई, तो विराट दिल्ली के लिए खेलेंगे।

## आईपीएल 2026 ऑक्शन

# आबुधाबी में आईपीएल मिनी ऑक्शन आज 350 खिलाड़ियों की किस्मत का होगा फैसला

**आबुधाबी:** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन के लिए मिनी ऑक्शन मंगलवार दोपहर 2:30 बजे से आबुधाबी में शुरू होगा। 10 टीमों के पास 237.55 करोड़ रुपए का पर्स है। नीलामी में 350 प्लेयर्स उतरेंगे, लेकिन 77 ही बिक पाएंगे, क्योंकि टीमों में इतनी ही जगह खाली है। 40 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे ज्यादा दो करोड़ रुपए है, वहीं 227 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे कम 30 लाख रुपए है। आईपीएल मिनी ऑक्शन में अकसर टीमें कुछ खिलाड़ियों पर बहुत ज्यादा रकम खर्च कर देती हैं। इतिहास में छह खिलाड़ी ऐसे रहे, जिन्हें टीमों ने 16 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत देकर खरीदा। वहीं, ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर ऋषभ पंत पिछले साल मेगा ऑक्शन में बिके। उन्हें 27 करोड़ रुपए में लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा था। इस बार भी मल्लिका सागर ही ऑक्शनर रहेंगी। ऑक्शन के लिए दुनियाभर के 1390 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। हालांकि, टीमों ने इनमें से कुछ ही प्लेयर्स चुने और उन्हें खरीदने में इंटरेस्ट दिखाया। इसलिए ऑक्शन से पहले बीसीसीआई ने टॉप 350 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। सबसे कम प्लेयर्स को रिटेन करने वाली केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है, टीम 64.30 करोड़ रुपए लेकर नीलामी में आएगी। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के पर्स में 43.40 करोड़ रुपए है।



## धर्मशाला के बाद लखनऊ की बारी, चौथे टी-20 के लिए नवाबों के शहर पहुंचे खिलाड़ी

# कल खेले जाने वाले चौथे टी-20 के लिए भारतीय-अफ्रीकी खिलाड़ी पहुंचे लखनऊ

**धर्मशाला:** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही टी-20 सीरीज बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई हैं। धर्मशाला में मिली शानदार जीत के साथ सबकी नजरें लखनऊ पर हैं, जहां के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में सीरीज का चौथा मैच बुधवार को खेला जाएगा। एक ओर जहां टीम इंडिया जीत के साथ सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी, वहीं दूसरी ओर अफ्रीकी टीम का लक्ष्य मुकाबला जीतकर सीरीज में वापसी का होगा। धर्मशाला में विजय का परचम लहराने व देश भर से आए क्रिकेट प्रेमियों की उम्मीदों पर खरी उतरने के बाद टीम इंडिया धर्मशाला से लखनऊ पहुंच गई। रविवार को बादलों के तले ठंड भरे वातावरण में खेले गए मैच में भारत के उच्च कोटि के खेल प्रदर्शन ने वातावरण में गर्माहट लाने का काम किया।



भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अफ्रीका को छोटे स्कोर पर आउट कर दिया, जिसे भारतीय बल्लेबाजों ने आसानी से हासिल कर सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई। सोमवार सुबह लगभग नौ बजे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी धर्मशाला से अगले मैच के लिए लखनऊ रवाना हुए थे। अफ्रीका की टीम की फ्लाइट ने सुबह नौ बजकर 40 मिनट पर गगल एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके उपरांत शाम चार बजे भारत की टीम भी चौथे ट्वेंटी-20 मैच के लिए लखनऊ रवाना हुई। टी-20 मुकाबले के चलते शहर में बीते कुछ दिन से पर्यटकों व क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ उमड़ रही थी, जो सोमवार को शांति में बदल गई। मैच व वीकेंड होने के कारण बड़ी संख्या में लोग धर्मशाला पहुंचे थे, जिस कारण होटल कारोबारियों व व्यापारियों के चेहरे खिले-खिले देखने को मिल रहे थे। मगर अब टीमों के रवाना होने व वीकेंड की समाप्ति के कारण धर्मशाला में शांत माहौल है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, कार सवार चार लोगों की मौत



**उन्नावः** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक लग्जरी कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब छह बजे एक्सप्रेसवे हवाई पट्टी 241 किलोमीटर के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, आगरा से लखनऊ की ओर जा रही एक फॉर्च्यूनर कार का टायर फट जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और यूपीडा टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू कर सभी सवार चारों गंभीर घायलों को निकाल कर बांगरमऊ सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद चालक वाहन से बाहर गिर गया और कार करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण घना कोहरा और टायर का फट जाना बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद के नमक व्यापारी अपनी फॉर्च्यूनर कार से सुहेलदेव समाज पार्टी के प्रमुख ओपी राजभर से मिलने लखनऊ जा रहे थे। मृतकों में तीन की पहचान गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी अशोक अग्रवाल (57), आकाश अग्रवाल (35) और अभिनव अग्रवाल (20) के रूप में हुई है। चौथे मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भिड़ी 30 गाड़ियां, चार की मौत, दस से अधिक घायल

**नई दिल्लीः** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। फरीदाबाद और नूंह जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 30 से ज्यादा गाड़ियों में टक्कर हो गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर भी शामिल है। जानकारी के अनुसार नूंह में घने कोहरे के चलते लगभग 30 वाहन आपस में भिड़ गए।

इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। उधर, फरीदाबाद में कैल गांव के पास एक एंडेवर कार सडक किनारे खड़े कैंटर से टकरा गई, जिससे एंडेवर में सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# उत्तर भारत में नहीं दिख रहा पश्चिमी विक्षोभ का असर, अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी का आगमन अभी कम से कम एक सप्ताह और टल सकता है। हालांकि, सुबह के समय कोहरा लगातार छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार, आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सर्दी को सक्रिय करते हैं, लेकिन मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ इतना प्रभावी नहीं है कि ठंडी हवाओं को अपने साथ ला सके। उन्होंने कहा, इस सिस्टम के कारण धूप बिना किसी बड़ी रुकावट के मिल रही है, जिससे दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहेगा और खास ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा।



मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिसंबर के सामान्य तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है, हालांकि अभी तक कंपकंपा देने वाली ठंड का असर नजर नहीं आ रहा है। इस बीच, हल्की हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता में भी कुछ सुधार देखने को मिला है। सोमवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 163 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। इससे पहले 11 से 14 दिसंबर के बीच लगातार चार दिनों तक एक्यूआई खराब श्रेणी में बना हुआ था।

विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हीं हल्की हवाओं ने शहर की हवा से प्रदूषक तत्वों को हटाने में मदद की है। हालांकि, राहत सभी इलाकों में समान नहीं रही। शहर के छह वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से टॉकीटोरा और लालबाग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अब भी खराब श्रेणी में रही, जहां एक्यूआई क्रमशः 239 और 216 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तेज हवाएं या बारिश नहीं हुई तो वायु गुणवत्ता में यह सुधार अस्थायी साबित हो सकता है। आने वाले पूरे सप्ताह तक मौसम हल्का बना रहने की संभावना है और तापमान में केवल एक-दो डिग्री की गिरावट आ सकती है, जो मध्य दिसंबर के लिहाज से अब भी सामान्य से अधिक रहेगी।



## पहलगाम हमले पर 1597 पेज की चार्जशीट दाखिल एनआईए का दावा, पाक में बैठा साजिद जट्ट मास्टरमाइंड

**एजेंसी/जम्मूः** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू की एनआईए स्पेशल कोर्ट में सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले पर 1597 पेज की चार्जशीट दाखिल की। 22 जुलाई को पहलगाम से छह किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे, जबकि 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए स्पेशल कोर्ट में हमले के 237 दिन बाद दाखिल इस चार्जशीट में जांच टीम ने हमले में शामिल आतंकियों के नाम भी उजागर किए हैं। इनमें एक पाकिस्तान में मौजूद साजिद जट्ट भी है, जो वहां एलईटी का ऑपरेशंस चीफ है। इसी ने पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी अन्य दो आतंकियों को सौंपी थी। जट्ट पहलगाम हमले का मुख्य हैंडलर भी माना जा रहा है। एनआई ने उस पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। चार्जशीट में कहा गया है कि 28 जुलाई को श्रीनगर के हरवान जंगल में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव चलाया था। इसमें पहलगाम हमले के दोनों आतंकी मारे गए थे। उनमें मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल था। उधर, पहलगाम हमले पर एनआईए की चार्जशीट जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में एनआईए ने जांच पूरी कर ली है और अब चार्जशीट दाखिल की गई है। दोषी या निर्दोष का फैसला अदालत करेगी।

## पैसों के विवाद में बुजुर्ग माता-पिता को उतारा मौत के घाट, बोरे में भर शव नदी में फेंका

**जौनपुरः** उत्तर प्रदेश के जौनपुर से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रिश्तों को कलंकित करने वाले कलयुगी पुत्र ने अपने बुजुर्ग मां-बाप की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया। मामला जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव का है। इकलौते बेटे ने पैसे के विवाद में बुजुर्ग माता-पिता के सिर पर सिलबट्टे से वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद शवों को बोरे में भरकर गोमती नदी में फेंक दिया।

जानकारी के मुताबिक, पुत्र ने प्रेम विवाह किया था, जिससे घर में पैसों को लेकर आए दिन विवाद हो रहा था। घटना बीते आठ दिसंबर की है। घटना के पांच दिन बाद वाराणसी में रहने वाली बेटी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में शक होने पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी कलयुगी पुत्र अम्बेश कुमार को पकड़ा तो उसने हत्या का खुलासा किया।

एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि वंदना देवी ने 13 दिसंबर को अपनी माता बबिता देवी और पिता श्याम बहादुर की गुमशुदगी की सूचना जफराबाद थाने में दर्ज कराई थी। वंदना ने पुलिस को बताया था कि 8 दिसंबर से उनके माता-पिता लापता हैं। उनका भाई अम्बेश भी लापता है, जो माता-पिता को ढूंढने निकला है।

तीनों की बरामदगी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गईं। सोमवार की शाम अम्बेश कुमार को घर के पास से पकड़कर गहनता से पूछताछ शुरू की तो उसने माता-पिता की हत्या की हैरान कर देने वाली घटना बताई। एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि आठ दिसंबर की रात आठ बजे पारिवारिक विवाद और पैसों को लेकर माता-पिता से उसकी लड़ाई हो गई थी। उस दौरान उसने अपने माता-पिता के सिर पर सिलबट्टे से प्रहार कर दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई।

इसके बाद शवों को ठिकाने लगाने के लिए उसने बोरे में भरकर गोमती नदी में फेंक दिया। एसपी सिटी ने बताया कि मामले के खुलासे के बाद तत्काल पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी पुत्र अम्बेश कुमार से गहनता से पूछताछ कर रही है। उसकी निशानदेही पर शवों की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

# दिल्ली की हवा में थोड़ा सुधार, एक्यूआई 400 से आया नीचे

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार होने से पिछले तीन दिनों के खतरनाक गंभीर वायु प्रदूषण से कुछ राहत मिली है। आज सुबह छह बजे दिल्ली का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में 381 था जो सोमवार के 427 और रविवार के 461 के मुकाबले बेहतर था। रविवार को इस सर्दी में शहर में अब तक का सबसे ज्यादा प्रदूषण स्तर रिकॉर्ड किया गया था। विशेषज्ञों ने इस सुधार का श्रेय लगातार चलने वाली सतही हवाओं को दिया जिससे जमीन के पास फंसी प्रदूषक गैसें फैल गईं। सोमवार दोपहर को हवा की रफ्तार 15 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई और रात भर जारी रही।



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आज हवा की गुणवत्ता में और सुधार होने की संभावना है। दिन के दौरान दिल्ली के कुछ हिस्सों में सतही हवा की गति 25 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे खतरनाक प्रदूषण के स्तर से थोड़ी राहत मिलेगी।

आईएमडी के अनुसार पिछले तीन दिनों के विपरीत आज सुबह केवल 11 केन्द्रों ने गंभीर निशान को पार किया। वजीरपुर में शहर की सबसे खराब हवा की गुणवत्ता रिकॉर्ड की गई, जिसका एक्यूआई 434 था, इसके बाद जहांगीरपुरी (430), मुंडका (424), और डीटीयू (423) जैसे अन्य प्रदूषण केन्द्र थे।

प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) ने सोमवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता के लिए मंगलवार से गुरुवार तक हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना जताई थी। इस बीच शहर का न्यूनतम तापमान बढ़कर 11.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो साल के इस समय के सामान्य तापमान से 2.6 डिग्री ज्यादा है।

# बिहार चुनाव में हार के बाद महागठबंधन में घमासान कांग्रेस नेता ऋषि मिश्रा आरजेडी को दे डाली नसीहत

**पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद महागठबंधन के भीतर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। एक तरफ कांग्रेस के अंदर ही अलग-अलग गुट हार के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, वहीं अब कांग्रेस नेता राजद को भी नसीहत देने लगे हैं।

इसी बीच कांग्रेस नेता ऋषि मिश्रा ने कहा कि राजनीति में केवल ए टू जेड की पार्टी कह देने से सफलता नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में समाज को जोड़ने की जरूरत है, तोड़ने की नहीं। अगर किसी भी राजनीतिक दल को आगे बढ़ना है तो उसे जात-पात की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होगा।

ऋषि मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी एक वर्ग को खुश करने की राजनीति ज्यादा समय तक नहीं चल सकती और इससे विकास की कल्पना भी अधूरी रह जाती है। किसी भी पार्टी को झा, सिंह, सिन्हा और श्रीवास्तव जैसे समाज के वर्गों को गाली देकर या अपमानित करके राजनीतिक लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजनीति में भाषा और व्यवहार दोनों का स्तर ऊंचा होना चाहिए, तभी जनता का भरोसा हासिल किया जा सकता है।

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांडः लूथरा ब्रदर्स का प्रत्यर्पण पूरा, उड़कटीम लेकर भारत रवाना

**नई दिल्ली :** उत्तर गोवा के अपोर्रा में बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में हुए भयानक अग्निकांड के मुख्य आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड से भारत लाया जा रहा है। बैंकॉक में पत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद दोनों आरोपी भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि लूथरा बंधु दोपहर दो बजे तक भारत पहुंच सकते है। दिल्ली पहुंचते ही लूथरा बंधुओं को गोवा पुलिस अपने हिरासत में लेगी। इसके बाद दोनों आरोपियों को पाटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा।



बता दें कि गोवा के नाइटक्लब में हुए अग्निकांड मामले में 25 लोगों की जान चली गई थी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसे में लूथरा बंधुओं 10 दिनों बाद भारत लाना पीड़ितों के परिजनों के लिए बड़ी राहत की खबर है।

सोशल मीडिया पर जारी हुए कई ऑनलाइन वीडियो में लूथरा बंधुओ को बैंकॉक एयरपोर्ट पर देखा गया। भारत पहुंचने पर उन्हें गोवा पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले इस मामले में पांच मैनेजर और स्टाफ सदस्य को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने कहा कि आग की जांच और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के मामलों में सभी जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

एयरपोर्ट पर उतरते ही गोवा पुलिस लेगी हिरासत मेंः मामले में अधिकारियों ने सोमवार को साफ किया था कि गोवा पुलिस थाईलैंड नहीं जा रही है, बल्कि दिल्ली में ही केंद्रीय एजेंसियों से लुथरा बंधुओं की कस्टडी ली जाएगी। इसके लिए गोवा पुलिस की एक टीम सोमवार देर रात दिल्ली पहुंची। कस्टडी मिलने के बाद सौरभ लुथरा और गौरव लुथरा को मंगलवार देर रात गोवा लेकर जा सकते हैं। इसके बाद उन्हें अंजुना पुलिस स्टेशन ले जाया जाएगा, जहां उनसे आगे पूछताछ होगी। बुधवार को लुथरा बंधुओं को गोवा पुलिस मापुसा अदालत में पेश कर सकती है।

गौरतलब है कि छह दिसंबर का वो काला दिन, जब उत्तर गोवा के अपोर्रा में स्थित नाइटक्लब बर्च बाय रोमियो लेन में भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। आग की घटना के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेत चले गए थे। इसके बाद उनके खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद 11 दिसंबर को थाई अधिकारियों ने दोनों को हिरासत में लिया और अब आज लूथरा बंधुओं को आज भारत लाया जा रहा है।

### कोहरे और प्रदूषण का डबल अटैक

## विजिबिलिटी कम होने से थमी हवाई रफ्तार इंडिगो-एयर इंडिया ने जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में सोमवार की सुबह घने कोहरे की चादर लिपटी रही। कोहरे के चलते दृश्यता (विजिबिलिटी) बेहद कम हो गई है, जिसका सीधा असर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से होने वाले विमान संचालन पर पड़ा है। रनवे पर विजिबिलिटी कम होने के कारण कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर उन्हें एयरपोर्ट आने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।

देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि दिल्ली में खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण उड़ानों का समय प्रभावित हो सकता है। एयरलाइन ने यात्रियों से अपील की है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले उनकी आधिकारिक वेबसाइट या ऐप के जरिए अपनी उड़ान की स्थिति की जांच जरूर कर लें। इंडिगो ने यात्रियों को भरोसा दिलाया है कि उनकी टीम इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में मदद के लिए मुस्तैद है और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है। वहीं, एयर इंडिया ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि घने कोहरे का असर न सिर्फ दिल्ली बल्कि पूरे उत्तर भारत की उड़ानों पर पड़ रहा है, इसलिए यात्री फ्लाइट स्टेटस चेक करके ही घर से निकलें।

हवाई यातायात पर पड़ी इस मार के बीच दिल्ली की हवा भी जहरीली बनी हुई है। कोहरे और धुंध के मिश्रण ने शहर को गैस चैंबर में तब्दील कर दिया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह 8 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 452 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इससे पहले रविवार को यह आंकड़ा 461 था। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिससे आशंका है कि आने वाले दिनों में भी उड़ानों के रद्द होने या लेट होने का सिलसिला जारी रह सकता है।

## एफसीआई से अनाज के नाम पर आरजेडी नेता ने की करोड़ों की ठगी, पुलिस ने रात में छापा मार गोपालगंज से दबोचा

**गोपालगंजः** बिहार के गोपालगंज जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने राजद के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप देव को गिरफ्तार किया है। प्रदीप देव पर आरोप है कि ऋछक से अनाज दिलाने के नाम पर करीब 1.98 करोड़ रुपये की ठगी की।

**21 किस्तों में कुल 1 करोड़ 98 लाख 17 हजार रुपये की ठगी**

: मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में अगस्त 2024 में पटना निवासी पंकज कुमार सिंह ने रोहतास जिले के नटवर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज एफआईआर में बताया गया कि प्रदीप देव और उनके सहयोगियों ने 21 किस्तों में कुल 1 करोड़ 98 लाख 17 हजार रुपये की ठगी की। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही थी। वहीं जांच में आरोपों का सत्यापन होने पर शनिवार रात छापेमारी कर प्रदीप देव को लखपतिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद राजद नेता प्रदीप देव नगर थाने में करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई, इसके बाद उन्हें रोहतास पुलिस अपने साथ ले गई। पुलिस ने बताया कि मामले की गहनता से जांच जारी है। इस ठगी में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता के रूप में हरिनंदन रजक ने प्रभार ग्रहण किया



एनआरईपी के नए कार्यपालक अभियंता के रूप में हरिनंदन रजक ने पदभार ग्रहण किया पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री रजक ने कहा कि विभाग अधीन कार्यों का निष्पादन समय और बेहतर ढंग से संपादित करना ही उनका सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि- विभाग अधीन विकास कार्यों को बेहतर और सुचारू ढंग से क्रियान्वयन हेतु संवेदक को दिशा निर्देश देने के साथ-साथ समय समय पर विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा भौतिक निरीक्षण से कार्य प्रगति और कार्य की गुणवत्ता भी देखी जाएगी ।

जनता ग्रुप में योगदान देने के साथ ही श्री रजक ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिला में विभाग अधीन कार्यों को अधिकारियों को बेहतर ढंग से ससमय पूर्ण करना उनके दायित्व में शामिल है तथा कनीय अभियंता पूर्ण रूप से कार्यों का निरीक्षण और बेहतर निर्माण कार्यों को देखेंगे विभाग अपने अधीन कार्यों का बेहतर और सुचारू ढंग से संपादित करें और जिला में जितने भी कार्य संपादित हो रहे हैं वह बेहतर ढंग से कराया जाए जिससे विभाग के कार्यों का समय निर्माण और बेहतर ढंग से निष्पादन हो सके गौरतलब हो की नव पद स्थापित कार्यपालक अभियंता हरि नंदन रजक जिस विभाग में पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्य और अनुशासन के लिए काफी लोकप्रिय अभियंता के रूप में पहचाने जाते हैं। ऐसे कार्यपालक अभियंता से विभाग को बेहतर और सशक्त पहचान भी मिलती है।

## एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव के लिए बताए गुर




**देवघर :** जिला अन्तर्गत एनडीआरएफ टीम द्वारा दो दिवसीय अर्थक्यूक से संबंधित मॉक अभ्यास किया जाना है। इस कड़ी में सोमवार को समाहरणालय सभागार में भूकंप के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन विभाग, नगर निगम, भू-विज्ञान विशेषज्ञ, संबंधित अभियंता, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस-प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इसके अलका बैठक के दौरान भूकंप की संभावित जोखिमों, पूर्व तैयारी, त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों, भवन निर्माण मानकों तथा जन-जागरूकता पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विशेषज्ञों ने भूकंप के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि समय रहते सतर्कता और प्रशिक्षण से जान-माल की क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने तथा नियमित मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। साथ ही अपदा के समय अपने परिवार और अन्य लोगों का बचाव कैसे करें, इसके बारे में बताया गया। वहीं, भूकंप आने पर बचने के लिए क्या करना है, इस पर प्रकाश डाला गया। आगे टीम ने बताया कि जब भूकंप आए तो किसी तल्ले पर आप मौजूद हैं, कूदने की कभी कोशिश नहीं करनी चाहिए। बाहर निकलने का उपाय सोचना चाहिए। घर से बाहर निकल ऊंचे स्थान पर चले जाना चाहिए। इसके अलावा एअफ्ळलृदवअङए से संबंधित विषय पर टेबल टॉक अभ्यास तथा आज को आर०मित्रा 10+2 उत्कमित विद्यालय, देवघर में मॉक अभ्यास किया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं रेलवे से संबंधित परियोजना की हुई समीक्षा

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में भू-अर्जन, पथ निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन।एच।ए।आई।) एवं रेलवे से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यों में आ रही समस्याओं की समीक्षा की।

उपायुक्त ने मसलियाझरानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के अंतर्गत लंबित मुआवजा भुगतान के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। साथ ही उन्होंने बासुकीनाथझदुमका पथ निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, भू-अर्जन की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की राजस्व समीक्षा

**धनबाद :** हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में राजस्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुक्त ने कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के तरीकों से सभी को अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान आयुक्त ने लंबित दाखिल खारिज के मामले, दोहरी जमाबंदी, गैर मजूरवा भूमि को कब्जा मुक्त कराने सहित अन्य विषयों की जानकारी दी।

आयुक्त ने कहा कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की तरफ से कई नए आदेश आए हैं। जिसके लिए कई चुनौतियां हैं। विभिन्न प्रावधानों की जानकारी नहीं रहने के कारण कई बार त्रुटिपूर्ण आदेश पारित हो जाते हैं। जिसका लाभ जमीन के अवैध कब्जाधारियों को मिल जाता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को भू-अर्जन, मुआवजा, जमाबंदी के सारे प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही बिना किसी ऑब्जेक्शन वाले दाखिल खारिज को 30 दिन में निष्पादित करने का निर्देश दिया।

कार्यशाला के दौरान आयुक्त ने रेवेन्यू एक्ट, सीएनटी एक्ट, वन पट्टा, लैंड सीलिंग एक्ट, जंगल झाड़ी जमीन, इंडियन फारेस्ट एक्ट 1927, इंडियन फारेस्ट एक्ट 1980, कैंटोनमेंट एरिया, नोटिफाइड एरिया, खासमहाल जमीन की प्रकृति व प्रक्रिया, वाटर बॉडीज एक्ट, परिशोधन पोर्टल, खतियान एवं रजिस्टर 2 की प्रविष्टियों का महत्व, फारेस्ट कंजर्वेशन एक्ट सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक बताया।

# युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का विशेष भूमिका : डॉ लुईस मरांडी




**संवाददाता**

**दुमका :** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के सी टीम ग्राउंड (यज्ञ मैदान)में चलने वाली तीन दिवसीय विद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलकूद समारोह का सोमवार को भव्य तरीके से समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर जामा विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक डॉ0 लुईस मराण्डी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।समारोह के शुरू होने के पहले मुख्य अतिथि डॉ0 लुईस मराण्डी एवं विशिष्ट अतिथि सीबीएसई संथाल परगना प्रमंडल के कोडिनेटर प्रदीप्तो मुखर्जी ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता समारोह में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार के तरफ से मुख्य अतिथि डॉ0 लुईस मराण्डी के करकमलों से मैडल, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 लुईस मराण्डी का स्वागत करते हुए प्रभारी प्राचार्य महेंद्र राजहंस ने कहा कि विधायक महोदया का प्लस टू जिला स्कूल ,दुमका परिवार से बहुत गहरा लगाव है। विधायक महोदया को विद्यालय परिवार जब भी याद किया है, विधायक महोदया ने अपना कीमती समय देकर विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विद्यालय परिवार विधायक महोदया का सदा आभारी रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ0 लुईस मराण्डी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं छात्र छात्राओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का विशेष भूमिका है।डॉ0 मराण्डी ने कहा कि खेलकूद ऐसा नशा है जो दूसरे नशा से मुक्ति दिला देता है। खेलकूद से शारीरिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास होता है। खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्र का नाम रौशन किया जा सकता है। खेल को रोजगार उन्मुख भी बनाया जा सकता है। डॉ0 मराण्डी ने कहा कि खेलकूद में सभी बच्चों को अवश्य भाग लेना चाहिए।बच्चों को उनके रुचि के अनुसार इनडोर या आउटडोर गेम मे शामिल होने के लिए उत्साहित करना चाहिए।डॉ0 लुईस मराण्डी ने कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच के कारण आज छात्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।मुख्यमंत्री के सकारात्मक सोच के कारण सरकारी विद्यालय के बच्चे भी उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण प्लस टू जिला स्कूल, दुमका का क्रेज दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। डॉ0 लुईस ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी एक उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक हैं, इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।कहा कि हमसभी के लिए गौरव की बात है कि जिला स्कूल, दुमका के छात्र पूर्व में स्टेट टॉपर रह चुके हैं। मेरी शुभकामनाएं हैं कि भविष्य में भी इस विद्यालय के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त करेंगे। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा कारगर साधन है जिसके माध्यम से जीवन को सवारा जा सकता है।कहा कि सभी बच्चे किसी न किसी खेल में अवश्य भाग ले। मुख्य अतिथि ने कहा कि मुझे अपार खुशी मिल रही है कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस दुमका परिवार वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन कर रहा है।डॉ0 लुईस ने कहा कि राज्य के लिए गौरव की बात है कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के मेधावी छात्र शैक्षणिक योग्यता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ खेल में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।विशिष्ट अतिथि प्रदीप्तो मुखर्जी ने कहा कि मैं गौरव महसूस करता हूँ कि मैं इसी विद्यालय का छात्र रह चुका हूँ।मैं सीबीएसई के तरफ से मैडम को आभार प्रकट करता हूँ। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि फुटबॉल में विद्यालय का मलुटी हाउस,क्रिकेट जूनियर में मयूराक्षी हाउस, क्रिकेट सीनियर में मलुटी हाउस, वालीबॉल सीनियर ब्वॉयज में मसानजोर हाउस, ब्वॉयज जूनियर में मयूराक्षी हाउस, कब्बडी गर्ल्स में मयूराक्षी हाउस,खो खो ब्वॉयज में मयूराक्षी हाउस, पैरेड में मलूटी हाउस,बैडमिन्टन में मलूटी हाउस विजेता रही। मंच संचालन पूर्व प्रभारी प्राचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ0 दिलीप कुमार झा ने किया।मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रदीप्तो मुखर्जी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कुणाल झा, भारत स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव विजय कुमार दूबे एवं मृणाल झा मिठू भी मौजूद थे। वार्षिक खेलकूद समारोह को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 संजय कुमार सिन्हा,पूर्व प्रभारी प्राचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ0 दिलीप कुमार झा, इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, खेल प्रभारी शिक्षक शिवराम सिमोन टुडू,शिक्षक संजीव कुमार सिंह, अमित कुमार पाण्डेय, स्नेहलता मराण्डी,रूपेश कुमार झा, निवास रजक, संजय कुमार सिन्हा,अर्चना कुमारी,प्रकाश कुमार घोष, जयन्त स्नेही, पवन कुमार दास विक्रम कुमार,सुनन्दा कुमारी, काजल किरण, सुशीला किस्कु,तरन्नुम परवीन,मो0 सरफराज,सुमन कुमारी एवं रानी स्वेत निशा देहरी के अलावे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# सभी आवेदन का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए : उपायुक्त



**संवाददाता**

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वाद, राजस्व, आंतरिक संसाधन, आपदा प्रबंधन तथा जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बैंक से संबंधित सभी मामलों की सूची एलडीएम को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही एलडीएम को बैंकों से अद्यतन स्थिति प्राप्त कर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

आंतरिक संसाधन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कमर्शियल टैक्स, माइनिंग, निबंधन (रजिस्ट्री) सहित संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा करते हुए इनके शीघ्र निष्पादन पर बल दिया।

पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माण होने वाले पथों से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही भू-हस्तांतरण, भूमि सीमांकन एवं ग्राम प्रधान नियुक्ति से संबंधित लंबित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

बैठक में ग्राम प्रधान एवं उनके सहयोगियों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली गई तथा भुगतान लंबित न रखने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। प्राकृतिक आपदा से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी उपायुक्त ने बल दिया।

इसके अतिरिक्त कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को रैन बसेरा में खिड़की सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में उन्होंने राजस्व वृद्धि हेतु प्रभावी एवं ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए संभावित आपदाओं से निपटने हेतु आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने पर जोर दिया गया।

जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए सरदार पटेल



दुमका : झारखंड की उप राजधानी दुमका के सरदार पटेल चौक पर स्थापित सरदार पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पण का पटेल सेवा संघ,सरदार भागवत राउत मंच और सिविल सोसायटी दुमका के तत्वावधान में देश के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 75 वीं पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आधुनिक भारत के शिल्पीकार परम श्रद्धेय सरदार पटेल जी को माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पण करने वालों में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार राउत,पटेल सेवा संघ दुमका के उपाध्यक्ष - सह- अध्यक्ष जय माता दी सेवा समिति राजेश कुमार राउत, विविध सचिव संदीप कुमार जय बमबम,प्रो० डॉ० विनय कुमार सिन्हा,अरुण कुमार सिन्हा,चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव डॉ मनोज कुमार घोष, भवानीशंकर प्रसाद, गौरीशंकर भगत, प्रदीप कुमार दारुका,मो० कलाम कादरी, विजय मल्लाह,रविकांत राउत,अनिकेत झा गणेश, रवि कुमार गोलू की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में पटेल जी की महती उपलब्धियों पर सिविल सोसायटी के सचिव संदीप कुमार जय बमबम के द्वारा प्रकाश डाला गया। इस पर विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष अरूण सिन्हा ने बताया कि आजादी के बाद खंडित भारत को एक सूत्र में पिरोकर एकीकृत भौगोलिक नक्शे पर लाने का काम उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी योजना से पुरी की।

उन्होंने भारत को एक अखंड, अक्षूण्ण और सम्प्रभूता सम्पन्न राष्ट्र बनाने की दिशा में कहा था कि जिन परिस्थितियों में भारत का विभाजन हुआ है उसे बनाए रखने के लिए हम सबको एक अच्छा और सच्चा हिन्दुस्तानी बनकर रहना होगा और तभी भारत की एकता और अखंडता सुरक्षित रह सकेगी।

## मानगो थाने में दो गुट भिड़े, जमकर मारपीट और तोड़फोड़, लाठीचार्ज

**जमशेदपुर :** मानगो थाना में रविवार की रात विवाद के बाद शिकायत करने पहुंचे दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों पक्षों में थाना में ही जमकर मारपीट होने लगी। इस दौरान थाने में तोड़फोड़ भी की गई। हालात बिगड़ते देखकर काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे दोनों पक्षों के लोग इधर-उधर भागे। इसके बाद थाना के बाहर क्यूआरटी तैनात कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस के अनुसार, तीन दिन से दो पक्षों के विवाद चला आ रहा था।

विवाद मानगो रोड नंबर चार और रोड नंबर 12 के युवकों से जुड़ा है। करीब तीन दिन पहले रोड नंबर एक के पास रास्ते में आने-जाने को लेकर दया अस्पताल के मालिक के बेटे और सिम्स अस्पताल के मालिक के बेटों के बीच कहासुनी हुई थी। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद से तनाव था। सिम्स अस्पताल के मालिक के बेटों के समर्थक, दया अस्पताल के मालिक के बेटों के साथ मौजूद युवकों की तलाश में उनके घरों तक पहुंच गए थे। इससे विवाद और गहरा गया और दोनों पक्षों में आक्रोश बढ़ता गया। वाहन में तोड़फोड़ के बाद बिगड़ी स्थिति तनाव के बीच एक बार फिर रविवार को रोड नंबर एक के पास दोनों गुट आमने-सामने आ गए, जहां मारपीट हुई और दया अस्पताल से जुड़े एक वाहन में तोड़फोड़ की गई। इसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोट आने की बात भी सामने आ रही है। मारपीट के बाद सिम्स अस्पताल पक्ष के लोग शिकायत लेकर मानगो थाना पहुंचे। कुछ ही देर में दूसरे पक्ष के लोग भी वहां पहुंच गए। थाना परिसर में पहले से मौजूद सिम्स अस्पताल के समर्थक दया अस्पताल के समर्थकों को देखते ही उनसे उलझ गए। देखते ही देखते हिंसक झड़प होने लगीर। आरोप है कि इस दौरान थाना परिसर में तोड़फोड़ भी की गई, जिससे अफरातफरी मच गई। स्थिति बेकाबू होते देख पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ना पड़ा। इसके बावजूद थाना के बाहर कुछ देर तक हंगामा होता रहा। सूचना मिलते ही डीएसपी मुख्यालय वन भोला प्रसाद पहुंचे और हालात को संभाला।

# उधवा पक्षी अभयारण्य रामसर साइट घोषित

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** उधवा पक्षी अभयारण्य झील इस साल रामसर साइट घोषित किया गया है। झारखंड की यह पहली झील है, जिसे रामसर साइट घोषित किया गया है। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद आधुनिक तकनीक से शिकार करने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। पूरे क्षेत्र में 10 सीसीटीवी कैमरे और दो पीटीजेड कैमरों से निगरानी रखी जा रही है।

सैलानियों के लिए की गई कई व्यवस्थाएं

पक्षियों का नवंबर माह से यहां आना शुरू हो जाता है, जो फरवरी माह के अंत तक रहता है। उसके बाद पक्षी अपने स्थान पर वापस चली जाती हैं। इसे देखने के लिए पर्यटक अभी से ही यहां पहुंचने लगे हैं। पर्यटकों को घुमाने के लिए चार शिकारा बोट (जम्मू और कश्मीर, खासकर डल झील की एक पारंपरिक लकड़ी की नाव होती है) और एक 15 सीटर वाली बड़ी नाव की व्यवस्था वन विभाग की तरफ से की गई है। जिस पर सैलानियों को न्यूनतम शुल्क लेकर घुमाया जाता है।

कोई पक्षियों और जलीय जीवों का शिकार न करे इसके लिए ड्रोन से निगरानी रखा जा रही है। सभी कैमरे वायरलेस हैं। वहीं, 565 हेक्टेयर में फैली इस झील की निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से मॉनिटरिंग की जाती है। पर्यटकों के ठहरने लिए तीन कॉटेज बनाई गई है। झील के बीच टापू पर एक झोपड़ी (हाइडआउट) बनाई गई है। जहां से पक्षी-प्रेमी बैठकर कमरे से पक्षियों का चहचहाट, हलचल को कैद कर सकते हैं। शीत ऋतु में पक्षियों के आगमन से यहां का पूरा दृश्य ही बदल गया है।



565 हेक्टेयर में फैला है उधवा पक्षी अभ्यारण्य

उधवा पक्षी अभयारण्य 565 हेक्टेयर में फैला है। पहले इसका नियंत्रण हजारीबाग के अधीन था लेकिन अब साहिबगंज वन प्रमंडल के अधीन आने से इसका विकास हुआ है। हर साल यहां विदेशी पक्षियों की संख्या बढ़ रही है। 2009 में जहां मात्र 2815 विदेशी पक्षी यहां पाए गए थे वहीं अब उनकी संख्या बढ़कर करीब 25 हजार हो गयी है। कई लुप्तप्राय विदेशी पक्षी यहां देखे गए। जिसे देखते हुए इसे इस साल रामसर साइट घोषित किया गया।

यह झारखंड का इकलौता रामसर साइट है। अब इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। इस क्रम में यहां पर्यटकों के लिए शिकारा नौका का परिचालन भी शुरू किया गया है। निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे कभी बंद न हों, इसके लिए उन्हें सोलर प्लेट से जोड़ा गया है। दूसरी ओर ये कैमरे क्लाउड स्टोरेज से जुड़े हुए हैं, जिसमें किसी प्रकार की केबल नहीं है।

अगर आपको प्रकृति का मनमोहक नजारा देखना है तो उधवा ब्लॉक में बर्ड सैंक्चुअरी झील पर जाएं। जहां आपको इस समय प्रवासी पक्षी देखने को मिलेंगे। रामसर साइट घोषित होने के बाद यहां पहले से बहुत कुछ बदल चुका है। पहले लोग अगल बगल शिकार कर लेते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। आधुनिक तकनीक से निगरानी रखी जा रही है। इसी कारण पहले के अपेक्षा पक्षियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। नवंबर माह से ही पक्षियों का यहां आना जारी है। यह पक्षी दूर-दूराज से उड़कर शांति, भोजन और सुरक्षित आवास की तलाश में पहुंच रहे हैं। जलीय जीव इनके भोजन का मुख्य आहार है।